Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24
website- www.dvpnews.in
रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 24 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, बुधवार 03 जुलाई 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



जो पवित्र आत्म तत्व को पा लेता है, उसका अंग-अंग पवित्र हो जाता है।

Every part of his body becomes pious who realizes the elements of self.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

# हाथरस में भोले बाबा के सत्संग में मची भगदड़, 120 से अधिक लोगों की मौत





**हाथरस (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के हाथरस में भोले बाबा के सत्संग में हिस्सा लेने पहुंचे श्रद्धालुओं के बीच भगदड़ मच गई, जिसमें 120 से अधिक लोगों की मौत का अनुमान जताया जा रहा है। मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं हैं. घटना सिकंदराराऊ थाने के फुलवरिया की है. सभी की डेड बॉडी को एटा मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि सत्संग में भीषण गर्मी की वजह से भक्तों की स्थिति खराब हो गई। इस हादसे में कई लोग घायल हुए हैं। हाथरस हादसे के जांच के लिए कमेटी का गठन किया गया है.

इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथरस में हुए हादसे का संज्ञान लेते हुये मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

पुलिस सूत्रों के अनुसार तहसील में मुगलगढ़ी नेशनल हाइवे पर फुलरई गांव में आज मानव मंगल मिलन सदभावना समागम समिति नामक संस्था ने आज सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया था जिसमें बड़ी तादाद में श्रद्धालु एकत्र हुये थे। कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मचने से कई लोग हताहत हुये। उन्होने बताया कि मृतकों की संख्या 120 से ज्यादा होने की आशंका है। कई हताहतों को हाथरस के अलावा एटा और अलीगढ़ जिले में शिफ्ट किया गया है। मरने वालों में महिलाओं की संख्या सर्वाधिक है।

**सत्संग में नहीं थे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम :** हादसे में प्रशासन की लापरवाही सामने आई है. सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं थे. क्षमता से ज्यादा भक्त एकत्र हुए थे. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सत्संग खत्म होने के बाद बाहर निकलने की जल्दबाजी में भगदड़ मच गई. देखते ही देखते हालात बिगड़ गए और लोग एक-दूसरे के नीचे दब गए. भगदड़ में कई लोगों की जान चली गई. काफी देर तक घटनास्थल पर कोई राहत बचाव कार्य शुरू नहीं हुआ था. मृतकों के परिजनों ने कहा, 'पुलिस प्रशासन की लापरवाही के चलते ये भयावह हादसा हुआ है. रात से जाम लगा हुआ था. जैसे ही जाम पुलिस ने खुलवाया, भगदड़ मच गई.'

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जताया शोक :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश स्थित हाथरस में एक सत्संग के दौरान मची भगदड़ पर शोक व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं घायलों के जल्द से जल्द ठीक होने की कामना करता हूं. फिलहाल, राज्य सरकार के देखरेख में प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा हुआ है. प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं सभी को भरोसा देता हूं कि पीड़ितों की हर तरह से मदद की जाएगी.

**गृहमंत्री अमित शाह ने जताया शोक :** गृहमंत्री अमित शाह ने भी हाथरस हादसे पर शोक जताया है. उन्होंने अपने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा कि उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुए दु:खद हादसे से मन अत्यंत व्यथित है. इस दुर्घटना में जान गँवाने वाले लोगों के परिवारजनों के प्रति संवेदनाएँ व्यक्त करता हूँ. ईश्वर उन्हें यह कष्ट सहने की शक्ति दें. स्थानीय प्रशासन राहत कार्यों में जुटा है. घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ.

**शिवपाल यादव ने हादसे पर जताया शोक :** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव ने भी हाथरस हादसे में शोक संवेदना व्यक्त की है. उन्होंने अपने सोशल मीडिया साइट्स एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया है. जिसमें उन्होंने कहा कि हाथरस में सत्संग के दौरान मची भगदड़ में लोगों के निधन की सूचना अत्यंत दु:खद व स्तब्धकारी है. हर संभव चिकित्सा प्रदान करते हुए प्रशासन राहत कार्य जल्द पूर्ण करे और पीड़ित परिवारों को मुआवजा दे. ईश्वर मृतकों के परिजनों को शक्ति प्रदान करें व घायलों को जल्द स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें.

### पीएमओ ने किया मुआवजे का ऐलान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाथरस में हुए हादसे में मारे गए प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है. इसके अलावा सबी घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे.

## आईएएस अमित किशोर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के निजी सचिव नियुक्त

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आईएएस अधिकारी अमित किशोर को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का निजी सचिव नियुक्त किया गया है। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा इस बाबत पत्र जारी किया गया है।

पत्र में कहा गया है कि किशोर पदभार ग्रहण करने की तिथि से पांच वर्ष की अवधि के लिए या सह-अवधि के आधार पर या जब तक वह इस पद पर कार्य करना बंद नहीं कर देते, राजनाथ सिंह के निजी सचिव के रूप में कार्य करेंगे। यूपी कैडर के 2011 बैच के आईएएस अधिकारी अमित किशोर यूपी के देवरिया जिले के जिलाधिकारी रहने के साथ-साथ एटा जिले के डीएम रह चुके हैं। उसके बाद बाद उनका तबादला बतौर एमडी, साउथर्न इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कार्पोरेशन में हुआ था।

## पीएम मोदी के खड़े होते ही विपक्ष के शोर से गूंज उठा सदन, गुस्से में आए स्पीकर ओम बिरला



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देने के लिए खड़े हुए तो विपक्ष ने हंगामा मचा दिया। शोर-शराबे के बीच स्पीकर ओम बिरला ने पहले तो विपक्षी नेताओं को शांत कराने की कोशिश की। फिर, जब वो नहीं माने तो गुस्से में नेता प्रतिपक्ष को हिदायत दी। बार-बार कहने के बावजूद भी विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी बंद नहीं की और वेल में चले आए।

स्पीकर ने सीधे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को संबोधित किया। उन्होंने कहा, माननीय नेता प्रतिपक्ष आपको ये शोभा नहीं देता। आपको पर्याप्त समय और पर्याप्त अवसर दिया है, ये शोभा नहीं देता। हंगामे से बेहद नाराज स्पीकर बोले, ऐसा तरीका ठीक नहीं, ये नहीं हो सकता। ये तरीका सही नहीं है और इस तरीके से सदन नहीं चल सकता। संसद के अंदर गरिमा बना कर रखें। आप गरिमा को तोड़ना चाहते हैं।

लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्ष को शांत कराने के इरादे से आगे कहा, आप सदन के नेताओं को वेल में आने के निर्देश देते हैं, गलत तरीका है, आप नेता प्रतिपक्ष हैं, ये शोभा नहीं देता। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा, राष्ट्रपति ने विकसित भारत के संकल्प को विस्तार दिया है। राष्ट्रपति ने अहम विषय उठाए हैं। उन्होंने हम सबका और देश का मार्गदर्शन किया है। इसके लिए मैं राष्ट्रपति का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। कई सदस्यों ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर विचार व्यक्त किए। मैं विशेषकर पहली बार जो हमारे बीच सांसद बनकर आए हैं, उन्होंने जो विचार रखे, उनका व्यवहार ऐसा था, जैसा किसी अनुभवी सांसद का होता है। पहली बार आने के बावजूद भी उन्होंने सदन की गरिमा बढ़ाई और अपने विचारों से इस डिबेट को मूल्यवान बनाया है।

## छत्तीसगढ़ में उद्योगों की स्थापना के लिए हर संभव सहयोग : विष्णुदेव साय

### मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग के सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 का किया शुभारंभ



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है छत्तीसगढ़ में निवेश करने वाले और उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता सुशासन और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति है।

इसी क्रम में आज निवेशकों और नए उद्योग लगाने वालों की सुविधा के लिए विभिन्न क्लीयरेंस और स्वीकृतियां त्वरित रूप से प्रदान करने के लिए सिंगल विंडो पोर्टल 2.0 का शुभारंभ किया गया है। प्रशासनिक दखल कम कर प्रक्रिया को सरलीकृत बनाने के लिए यह बड़ी पहल की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पोर्टल उद्यमियों के लिए अत्यंत आसान और उपयोग करने में सुगम होगा।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज यहां अपने राजधानी रायपुर स्थित निवास कार्यालय से सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 पोर्टल शुभारंभ करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रदेश में संसाधनों के विपुल भंडार है और औद्योगिक विकास के भी असीम अवसर उपलब्ध हैं। उद्योग विभाग की इस नई व्यवस्था से सभी सुविधाएं एक क्लिक पर उपलब्ध होगी। उद्योगों की स्थापना की प्रक्रिया आसान होने से निवेश में उनकी रुचि बढ़ेगी और युवाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। व्यवसायियों को आवश्यक विभागीय अनुमति-सहमति और क्लीयरेंस के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और ना ही अलग-अलग विभागों में आवेदन करने की आवश्यकता होगी।






## संक्षिप्त समाचार

### एम्स के अधिष्ठाता प्रो. आलोक अग्रवाल को आईएमए ने दिल्ली में सम्मानित किया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की राष्ट्रीय इकाई की ओर से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के अधिष्ठाता (शैक्षणिक) प्रो. आलोक चंद्र अग्रवाल को रोगियों के उपचार में उल्लेखनीय योगदान के लिए नई दिल्ली में सम्मानित किया गया। डाक्टर्स डे के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आर.वी. अशोकम और महासचिव डॉ. अनिलकुमार जे नायक ने प्रो. अग्रवाल को यह सम्मान प्रदान किया। उन्होंने प्रो. अग्रवाल द्वारा रोगियों के उपचार के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने शैक्षणिक प्रक्रिया में नवाचार को अपनाने पर प्रो. अग्रवाल को नए चिकित्सकों के लिए रोल मॉडल बताया। प्रो. अग्रवाल को आईएमए की ओर से एमिनेंट डॉक्टर पर्सनेल्टी अवार्ड प्रदान किया गया। कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) और एम्स के चिकित्सकों ने उन्हें इस प्रमुख उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

### वायु सेना भर्ती कैरियर मार्गदर्शन 3 जुलाई से

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** भारीतय वायु सेना भर्ती कार्यालय भोपाल क़े द्वारा जिले क़े शैक्षणिक संस्थाओ में भारतीय वायु सेना भर्ती क़े सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी क़े लिए कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन 3 जुलाई से शुरू किया जा रहा है। इस कैरियर मार्गदर्शन में शामिल होकर युवा अपने कैरियर का लाभ उठा सकते हैं। निर्धारित कार्यक्रम क़े अनुसार 3 जुलाई 2024 को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय गुरु घासीदास हायर सेकेण्डरी स्कूल कसडोल में अपरान्ह 12 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक एवं शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय पिसीद में अपरान्ह 2:30 बजे से 4:30 बजे तक कार्यक्रम आयोजित है। इसीप्रकार 4 जुलाई को शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बनसांकरा सिमगा में प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 12बजे तक, स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय सिमगा में अपरान्ह 12:30 से अपरान्ह 1:30 बजे तक, शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाटापारा में अपरान्ह 2:30 बजे से अपरान्ह 3:30बजे तक, स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भाटापारा में अपरान्ह 3:40 से अपरान्ह 4:40 बजे तक तथा 5 जुलाई को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमेरा में प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 12 बजे तक, स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय पालारी में अपरान्ह 12:30 बजे से अपरान्ह 1:30 बजे तक, स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम पण्डित चक्रपाणी शुक्ल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में अपरान्ह 2 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम एमडीव्ही हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार में अपरान्ह 3 बजे से 4 बजे तक आयोजित की जाएगी।

## आरएनएलआइसी के 346 करोड़ रुपए के बोनस से 5.1 लाख से ज्यादा सहभागी पॉलिसीधारकों को मिलेगा फायदा

**एक नया सहभागी प्रोडक्ट, आरएनएल स्टार लॉन्च किया, जो ग्राहकों को बेहतर रिटर्न के साथ देगा जीवन के अलग-अलग चरणों के लिए शानदार समाधान**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024 में अपने भागीदार पॉलिसीधारकों के लिए कुल 346 करोड़ रुपए के बोनस की घोषणा की है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 में शानदार वित्तीय प्रदर्शन करते हुए शानदार उपलब्धियाँ हासिल की हैं, जो इस प्रकार हैं– नई पॉलिसी की बिक्री में 22 प्रशित की वृद्धि। इंडीविजुअल न्यू बिजनेस प्रीमियम में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली है। एयूएम में 16 प्रतिशत का उछाल। 13वें महीने की परसिस्टेंसी में 82.5 प्रतिशत की बढ़त।

कंपनी ने इस अवधि के लिए 198 करोड़ रुपए के कर–पूर्व लाभ की घोषणा है, जो वित्त वर्ष 2023 की तुलना में 84 प्रतिशत ज्यादा है।

इस घोषणा के मुताबिक, 31 मार्च, 2024 तक सभी पात्र प्रतिभागी पॉलिसीज़ इस बोनस घोषणा से लाभान्वित हुई हैं। कंपनी पिछले 23 वर्षों से लगातार बोनस की घोषणा कर रही है जो ग्राहकों को नियमित रूप से अपने प्रीमियम का भुगतान करने और पॉलिसी अवधि के दौरान निवेश में बने रहने के लिए प्रोत्साहित करती है। पार्टिसिपेटिंग फंड के मजबूत प्रदर्शन का श्रेय इक्विटी में एक अच्छी तरह से किए रणनीतिक एसेट एलोकेशन को दिया जा सकता है, जिसने ब्रॉडर मार्केट की तुलना में काफी बेहतर प्रदर्शन किया है। इसके अलावा, कंपनी के प्रमुख यूलिप इक्विटी फंड 3 ने भी मजबूत प्रदर्शन किया है। इसने निफ्टी 50 बेंचमार्क से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 26.4 प्रतिशत रिटर्न दिया है।

बोनस की घोषणा पर अपनी बात रखते हुए, रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस के ईडी और सीईओ श्री आशीष वोहरा ने कहा कि हमारा फोकस लगातार मजबूत प्रदर्शन, बेहतर निवेश प्रबंधन और काम करने की क्षमता पर बना हुआ है और हम अपने ग्राहकों को उनके पैसे का पूरा मूल्य प्रदान करने पर ध्यान देते हैं। पिछले कुछ सालों के दौरान कंपनी डिजिटल टेक्नोलॉजी के जरिए ग्राहक संतुष्टि, वितरकों की सुविधा और कर्मचारियों से जुड़ाव पर ध्यान दे रही है। इस कोशिश ने हाशिए पर खड़े लोगों तक कंपनी की पहुँच को बढ़ाने में मदद की है, जिससे हमें अपने मौजूदा बाजारों में और अधिक पैठ बनाने में मदद मिली है और कंपनी को बेहतर प्रदर्शन पर ध्यान देने की सुविधा मिली है।

अपने ग्राहकों को उनके पैसे का पूरा मूल्य प्रदान करने पर फोकस करते हुए, कंपनी ने हाल ही में एक नया सहभागी प्रोडक्ट, रिलायंस निप्पॉन लाइफ स्मार्ट टोटल एडवांटेज रिटर्न (आरएनएल स्टार) लॉन्च किया है, जो जीवन के विभिन्न चरणों जैसे आय के दूसरे स्रोत, बच्चे की शिक्षा, सेवानिवृत्ति या लेगेसी का निर्माण करने आदि की समस्याओं का समाधान कर सकता है।

RELIANCE NIPPON LIFE INSURANCE
A RELIANCE CAPITAL COMPANY

**रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस के बारे में :** रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस भारत की अग्रणी और सबसे भरोसेमंद निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक है। इसकी कुल एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) 35,508 करोड़ रुपए है। 31 मार्च, 2024 तक इसकी कुल बीमा राशि 91,720 करोड़ रुपए थी। यह कंपनी 31 मार्च, 2024 तक 10 मिलियन से अधिक पॉलिसीधारकों, 713 शाखाओं के मजबूत वितरण नेटवर्क और 61,036 सलाहकारों के साथ सबसे बड़ी गैर–बैंक समर्थित निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक है। 31 मार्च, 2024 तक कंपनी का क्लेम निपटान अनुपात 98.8 प्रतिशत रहा। वित्त वर्ष 2025 में, कंपनी को ग्रेट प्लेस टू वर्क संस्थान द्वारा काम करने के लिए शीर्ष 20 स्थानों में से एक के रूप में मान्यता दी गई थी।

## शालाओं का सघन निरीक्षण किया जाएगा, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव ने जारी किया परिपत्र

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अधिकारियों को स्कूलों के सघन निरक्षण करने के निर्देश दिए हैं। इस तारतम्य में स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को परिपत्र जारी कर आवश्यक निर्देश दिए है। जारी परिपत्र में कहा गया है कि 26 जून 2024 से नवीन शिक्षा सत्र 2024–25 प्रारंभ हो चुका है। शिक्षा सत्र प्रारंभ से पहले ही छात्र–छात्राओं को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश उपलब्ध करा दिया गया है। मध्यान्ह भोजन योजना का संचालन प्रथम दिन से ही प्रारंभ कर दिया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग स्कूलों के लिए वार्षिक शैक्षणिक कैलेण्डर जारी कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 01 जुलाई को 2024 को विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान समस्त विद्यालयों का सघन निरीक्षण करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि छात्र–छात्राओ को उच्च गुणवत्तायुक्त व परिणाम मूलक शिक्षा दी जाये एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को पूर्ण रूप से प्रदेश के स्कूलों में प्रभावी बनाया जाये। इसलिए यह अनिवार्य हो जाता है कि आप और आपके अधीनस्थ अधिकारियों के द्वारा स्कूलों का निरीक्षण नियमित रूप से किया जाये।

निरीक्षण के संबंध में निम्नानुसार निर्देश दिए गए हैं– शाला निरीक्षण कलेण्डर जिला स्तर पर तैयार किया जाये, जिला स्तर पर एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाये। जिला शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, संकुल समन्वयकों से नियमित रूप से शालाओं का निरीक्षण कर प्रतिवेदन संबंधित जिला कलेक्टर को उपलब्ध करायेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग के अलावा अन्य विभाग के अधिकारियों को भी निरीक्षण का दायित्व दिए जाएं, शाला निरीक्षण के दौरान अधिकारी छात्र–छात्राओं को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करेंगे

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोड़ में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव आयोजित किया गया



**नवापारा राजिम ( विश्व परिवार )।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोड़ में आज विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक इंद्र कुमार साहू थे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक साहू ने कहा कि शिक्षित व्यक्ति से समाज में जागरूकता आती है। शिक्षित व्यक्ति अपने अधिकार के लिए लड़ सकता है। शिक्षित व्यक्ति से समाज, प्रदेश व देश विकसित होता है। यही वजह है कि छत्तीसगढ़ की साय सरकार और देश की मोदी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय निर्णय लेते हुए उन्हें लागू कर रही हैं। आज बच्चों को निःशुल्क शिक्षा तो मिल ही रही है, साथ ही साथ नि:शुल्क साइकिल, पाठ्यपुस्तक और गणवेश भी मिल रहा है। विधायक साहू ने उपस्थित बच्चों से कहा कि सभी मन लगाकर पढ़ाई करें और एक दूसरे से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करते हुए अपने–अपने कक्षाओं में अच्छे नंबर लाने का प्रयास करें। इस दौरान विधायक साहू ने बोर्ड परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले ब्लॉक के 6 बच्चों को अपने स्वेच्छानुदान मद से 10–10 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत सम्मान, निःशुल्क साइकिल वितरण, पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरण, शैक्षणिक सामग्री प्रदर्शनी, वृक्षारोपण सहित अभनपुर विकासखंड के 15 दिव्यांग बच्चों को विधायक श्री साहू के द्वारा उपकरण प्रदाय किया गया। 15 दिव्यांग बच्चों में 7 बच्चे अस्थि बाधित, 6 बच्चें बौद्धिक निशक्त एवम 2 बच्चें अल्प दृष्टि बाधित थे। इन सभी बच्चों को उनकी आवश्कता के अनुरूप उपकरण जैसे व्हील चेयर, रोलेटर, एम आर किट, लो विजन किट प्रदान गया। कार्यक्रम के बाद विधायक इंद्रकुमार साहू, विभागीय अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों ने स्कूल के बच्चों के साथ जमीन में बैठकर न्यौता भोजन किया। विधायक सहित प्रशासनिक अधिकारियों को अपने बीच में भोजन करते देख स्कूली बच्चे काफी उत्साहित हुए। बताना जरूरी है कि न्यौता भोजन, स्वर्गीय घनाराम साहू (सेवानिवृत्त प्रधान पाठक) की स्मृति में श्रीमती बिंदा देवी साहू, सामाजिक कार्यकर्ता एवं तहसील साहू संघ के अध्यक्ष ब्रह्मानंद साहू द्वारा कराया गया।

## शहरों के सुनियोजित और संतुलित विकास के लिए काम करें सभी आयुक्त और सीएमओ : अरुण साव

**उप मुख्यमंत्री ने सभी नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा की**




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ आज वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में सभी नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को शहरों के सुनियोजित और संतुलित विकास के लिए काम करने को कहा। उन्होंने नगरीय निकायों की कार्यप्रणाली में बदलाव लाते हुए परिणाममूलक कार्य करने के निर्देश दिए। श्री साव ने स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वे में हर निकाय की रैंकिंग में सुधार आना चाहिए। उन्होंने नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा के लिए अब हर महीने बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. और संचालक श्री कुंदन कुमार भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आज मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से हुई समीक्षा बैठक में कहा कि किसी भी राज्य की प्रतिष्ठा शहरों के विकास पर निर्भर करती है। दूसरे प्रदेशों के लोग शहरों में आते हैं और स्थानीय शहरों को देखकर अपने मन में राज्य की छवि गढ़ते हैं। लिहाजा आप लोगों के ऊपर बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों के विकास के लिए संसाधनों की कमी नहीं है। आप लोग इन संसाधनों का बेहतर से बेहतर उपयोग सुनिश्चित करें। श्री साव ने नगरीय निकायों द्वारा किए जा रहे विकास और निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए उन्हें समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को शहरों को विकसित करने और नागरिकों के लिए जन सुविधाएं बढ़ाने गंभीरता और सक्रियता से काम करने को कहा। उन्होंने काम में लापरवाही और लेट–लतीफी पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

## नये न्यायिक अधिनियम-2023 पर एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन




**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलौदाबाजार में प्राचार्य डॉ.ए.आर.सी.जेम्स के मार्गदर्शन एवं विधिक शिक्षा केन्द्र के विभागाध्यक्ष डॉ.नबी खान के दिशा निर्देशन में नये आपराधिक कानूनों के प्रावधानों के विषय पर एक दिवसीय सेमीनार कार्यक्रम का आयोजन गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ए.आर.सी.जेम्स ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के विभिन्न प्रावधानों का वर्णन करते हुए बताया कि नये कानून आज के समय के अनुसार निर्मित किया गया है और भारत की वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार प्रावधानों को सम्मिलित किया गया है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.यू.के. मिश्र ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है और कानून में भी आज परिवर्तन कर महिलाओं एवं बच्चों की व्यापक सुरक्षा को सूनिश्चित करते हुए इसके लिए अलग से अध्याय का निर्माण किया गया है। कार्यक्रम में आगे श्री नरेन्द्र देव मिर्झा द्वारा सम्बोधन में कहा गया कि नये कानून का लागू किया जाना त्वरित न्याय प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगें लेकिन वर्तमान में इसे सुचारू रूप से संचालित करना एक चुनौती भी है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.नबी खान ने नये कानून को वर्तमान समय की आवश्यकता बताते हुए उसके प्रावधानों के बारे में विस्तार पूर्वक वर्णन किया। मॉब लिंचिग, आतंकवाद, महिलाओं एवं बच्चों से सम्बंधित अपराधों, देशद्रोह, अपराध में सजा के रूप में सामाजिक सेवा, अप्राकृतिक यौन संबंध आदि के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधि विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री अभिषेक बंजारे ने कहा कि नये कानून में तकनीकि उपकरणों एवं फारेंसिंक साइंस का उपयोग पर जोर दिया गया है जिससे त्वरित न्याय प्राप्त करने में तेजी से काम हो सके और न्यायलय में मामलें लंबित न रहे इसके लिए कानून में समय का प्रावधान किया गया है। विधि विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री जयंत मिंज ने अपने सम्बोधन में कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में नए कानून के प्रावधान शीघ्र न्याय प्रदान करने में सहायक होने के साथ–साथ भारतीय नागरिकों को न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास पैदा करने में महत्वपूर्ण है। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ.ए.के.उपाध्याय, डॉ.आर.के. मिश्रा, डॉ.सी.के. चन्द्रवंशी, डॉ.रीमारानी दास, श्री एस.एल.नेगी, डॉ.राजू महोबिया, श्री बी. राय, श्री पी.एस. चौहान, डॉ. राजेन्द्र वर्मा, डॉ.रीता यादव, श्रीमती सुशीला गिलहरे, श्रीमती नीरजा नामदेव, श्री जी.आर.कुर्रे, डॉ.अजय औधेलिया, श्रीमती तारा पटेल, श्रीमती सिम्मी मिंज, सुश्री आकांक्षा एक्का, श्री रूपेश देवांगन, श्री मोहन लाल वर्मा, श्री राजेश कोमलवार, श्री शीतल पटेल, श्री रामकुमार सार्थी, फुलचंद साहू, श्री जी.आर.साहू, पंकज साहू, महाविद्यालय के विद्यार्थीगण एवं समस्त अधिकारी, कर्मचारी की उपस्थिति रही।

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 215 दिनांक 01.07.2024**
**वार्ड का नाम- मो. अब्दुल रउफ वार्ड**
**वार्ड क्र. 28 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **28** मांग **पंजी क्र. 822 युआईडी 36339** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **वंदना गर्ग/ रवि गर्ग** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **सतीश उपश्याम/ बालकृष्ण उपश्याम** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **31-07-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

**आम-सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **कबीर नगर कॉलोनी,** रायपुर में निर्मित **एल.आई.जी. भवन योजना** के अतर्गत, दुकानों/ भूखण्डों/ भवनों में से भूखण्ड/ **भवन क्रमांक LPG-31 श्रीमती उमा साहू पिता/पति श्री कुंजलाल साहू** को भाड़ाक्रय/ पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 06/02/2018 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 06/05/2024 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन **श्रीमती संपत कुमारी पिता/पति श्री आशाराम मीणा** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के **15 दिन** के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर नापत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जायेंगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

**पत्र क्र./12642/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024**
**रायपुर, दिनांक 02-07-2024**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12642**
**वार्ड का नाम- 57 - पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 57 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR447E00116** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **1. HARIRAM AHUJA S/O TEJAMAL AHUJA, 2. RAMPYARI AHUJA W/O HARIRAM AHUJA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **N/A** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. मयंक कुमार सराफ 2. तेजस कुमार सराफ** पिता/पति, श्री/श्रीमती **दोनों पिता नरेन्द्र सराफ** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 4 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

**पत्र क्र./12648/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024**
**रायपुर, दिनांक 02-07-2024**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12648**
**वार्ड का नाम- 57 - पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 57 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR447E00300** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SAFARMAL, RAJENDRA KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **UDHAM DAS SAFARMAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **मधु साधवानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **लोकेश साधवानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, सहमती पत्र, परिचय पत्र व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 4 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

**पत्र क्र./12651/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024**
**रायपुर, दिनांक 02-07-2024**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12651**
**वार्ड का नाम- 57 - पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 57 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR448F00299** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MRS. VIMALA BAI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **AYODHYA PRASAD** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. अरुण शुक्ला 2. अनिल कुमार शुक्ला 3. अजय कुमार शुक्ला** पिता/पति, श्री/श्रीमती **तीनों पिता स्व. अयोध्या प्रसाद शुक्ला** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, मृत्यु प्रमाण पत्र, परिचय पत्र व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 4 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

**पत्र क्र./12650/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024**
**रायपुर, दिनांक 02-07-2024**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12650**
**वार्ड का नाम- 45 - स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 45 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR739E00663** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAVINDRA KUMAR DEMBANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. CHANDRASHEKHAR DEMBANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. अब्दुल सलीम 2. शब्बीर हुसैन** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. स्व. अब्दुल रसीद 2. अब्दुल सलीम** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 4 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

**पत्र क्र./12649/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024**
**रायपुर, दिनांक 02-07-2024**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12649**
**वार्ड का नाम- 45 - स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 45 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR739E00664** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SURESH KUMAR DEMBANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. CHANDRASHEKHAR DEMBANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. अब्दुल सलीम 2. शब्बीर हुसैन** पिता/पति, श्री/श्रीमती **1. स्व. अब्दुल रसीद 2. अब्दुल सलीम** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 4 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

**पत्र क्रं./12036/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024**
**रायपुर दिनांक : 02-07-2024**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 12036**
**वार्ड का नाम- 58 - श. पंकज विक्रम वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 58 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR650B00069** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **RUPRAM PAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **UDAYRAM PAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RUKHMANI PAL** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O LATE. RUPRAM PAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **MRITYU PRAMAN PATR & SAPATH PATR**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 6 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 214 दिनांक 01.07.2024**
**वार्ड का नाम- मो. अब्दुल रउफ वार्ड**
**वार्ड क्र. 28 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **28** मांग **पंजी क्र. 353 युआईडी 26031** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **के. दिवाकर राव/ के. रामाराव** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **सूरजभान केशरवानी/ गंगा प्रसाद केशरवानी** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **31-07-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर बुधवार 03 जुलाई 2024



# जनमानस अभियान के दौरान दिए जाने वाले संदेशो व नि :शुल्क सेवाओं का लाभ उठाएं : कलेक्टर

## प्रचार प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।



**बेमेतरा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में जिला बेमेतरा में 1 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक स्टॉप डायरिया अभियान 2024 का आयोजन किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि 0-5 वर्ष आयु के बच्चों में डायरिया से होने वाले मृत्यु दर को कम करते हुए डायरिया की रोकथाम किया जा सके। स्टॉप डायरिया अभियान के तहत जनसामान्य में व्यापक प्रचार-प्रसार हो इसके लिए आज 1 जुलाई 2024 को डॉ. अशोक बसोड, जिला स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा प्रचार प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। डॉ. बसोड ने जानकारी देते हुए बताया कि स्टॉप डायरिया अभियान 2024 के तहत 0 से 5 वर्ष आयु के कुल 105885 बच्चों का लक्ष्य राज्य स्तर से प्राप्त हुआ है, जिनमें से प्रत्येक बच्चों को 02 ओ.आर.एस. के पैकेट अभियान के दौरान ए.एन.एम., मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा वितरण किया जावेगा, इसके साथ ही डायरिया से प्रभावित बच्चों को चिन्हांकित करते हुए ऐसे बच्चों को जिंक टेबलेट एवं ओ.आर.एस. के पैकेट का वितरण किया जाएगा, साथ ही घर में ओ.आर. एस. बनाने व पीने की विधि की जानकारी दी जाएगी। कार्यकर्ताओं के द्वारा बच्चों को आंगनबाड़ी व स्कूलों में व्यक्तिगत स्वच्छता रखने व हाथ धोने की विधि का प्रदर्शन कर जागरूक करेगें। जिला नोडल अधिकारी (शिशु स्वास्थ्य), डॉ. कोहाड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त अभियान के सफलता के लिए अंतर्विभागीय समन्वय किया गया है, जिसमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं स्वच्छ भारत मिशन के साथ मिलकर डायरिया से बचाव के इस अभियान में कार्य करेगे। जिले के सभी शासकीय व पंजीकृत निजी अस्पतालाओं में नि:शुल्क ओ.आर.एस. कार्नर स्थापित किये जाने के लिए पत्र जारी किया गया है, ताकि डायरिया से प्रभावित मरीजों को शीघ्र प्राथमिक उपचार मुहैया हो सके। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने स्टॉप डायरिया अभियान के तहत अपने आस पास साफ-सफाई, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं शुद्ध पेयजल का उपयोग करते हुए अभियान के दौरान दिए जाने वाले संदेशो एवं नि:शुल्क सेवाओं का लाभ उठाने के लिए जनसामन्य से अपील किया।

## संक्षिप्त समाचार

### चोरी के बाद घर के बाहर लगा दिया ताला

**कोरबा(विश्व परिवार)।** अज्ञात चोर ने एक और चिकित्सा अधिकारी के घर चोरी की है। अभी कोयलांचल में एसईसीएल अस्पताल के ष्द्ब्श के घर हु6ई चोरी का मामला सुलझा नहीं है कि शहर से लगे इलाके में एक और वारदात हो गई। चोर भी ऐसा कि उसने चोरी करने के बाद वापस लौटते समय दरवाजे पर दूसरा ताला लगा दिया। प्रार्थी डॉ.उमाशंकर कंवर क्वाटर नं. छ्व/25 हाउसिंग बोर्ड कालोनी रामपुर कोरबा के निवासी हैं व जिला अस्पताल में चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। 27 जून को रात्रि लगभग 8 बजे अपनी ड्यूटी पर जिला अस्पताल गए थे। दूसरे दिन सुबह लगभग 08:30 बजे घर पहुंचे तो देखा की अज्ञात व्यक्ति द्वारा दरवाजे पर लगा हुआ ताला को तोड़कर घर अंदर घुस कर दूसरा ताला को लगा दिया था। डॉ. कंवर ने ताला को तोड़कर अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा हुआ था और दीवान के लाकर में रखे सोने का चैन, सोने का दो नग अंगूठी, फौसिल कंपनी का एक घडी कुल कीमती लगभग 70000 रूपये को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया। डॉ. उमाशंकर कंवर की रिपोर्ट पर सिविल लाइन रामपुर थाना में धारा 380,457 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर तलाश किया जा रहा है।

### बाइक बेकाबू होने से गिरे दो ग्रामीण-एक मृत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा जिलान्तर्गत ग्राम नुनेरा के भीमसेनिया जंगल से गुजरते समय एक बाइक के बेकाबू होने से इसमें सवार दो व्यक्ति सड़क पर गिर गए। इनमें से एक को गंभीर चोट लगने से उसकी मृत्यु हो गई। दीपका थाना अंतर्गत ग्राम नोनबिर्रा निवासी अपने साथी के साथ अपनी बाइक में पाली गया था। यहां से दोपहर 2 बजे वे दीपका की ओर लौट रहे थे। दोपहर लगभग 2 बजे उनकी बाइक पाली-दीपका के बीच ग्राम नुनेरा के भीमसेनिया जंगल मेन रोड से गुजर रही थी। इस दौरान बाइक बेकाबू होकर सड़क पर गिर गई। इससे वे दोनों भी सड़क पर गिरकर घायल हो गए। इनमें से नटवर प्रसाद नामक व्यक्ति की गंभीर चोट लगने से घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई, जबकि खिलेन्द्र नामक व्यक्ति के हाथ-पैर में चोट पहुंची।

### सिक्योरिटी गार्ड का रास्ता रोक मारपीट कर लूटपाट

**कोरबा(विश्व परिवार)।** शनिवार की रात के वक्त अपने घर लौट रहे सिक्योरिटी गार्ड का रास्ता रोक कर सूने जगह पर ले जाकर बुरी तरह मारपीट करते हुए लूटपाट को अंजाम दिया गया। जानकारी के मुताबिक विवेक श्रीवास रजगामार बस स्टैण्ड के पास रहता है और हाऊसिंग बोर्ड कालोनी झगरहा में प्राईवेट सिक्योरिटी गार्ड है। 26 जून को दोपहर 12 बजे आरामशीन में अपनी बुआ त्रिवेणी के घर गया था। यहां से रात करीब 10 बजे मोटरसायकल क्रमांक-सीजी 12 बीई 2594 पर सवार होकर रजगामार लौट रहा था कि रिस्दी चौक कांटाघर के आगे मुख्य मार्ग पर दो अज्ञात 30-32 वर्ष के लडक़ों ने अचानक सामने आकर रास्ता रोका। विवेक ने जब बाईक रोकी तो दोनों लडक़ों ने खींच लिया जिससे गाड़ी सहित गिर पड़ा। दोनों युवकों ने खींचकर सडक़ किनारे बाउंड्री के पीछे ले जाकर जमीन पर पटक कर हाथ-मुक्का और पैर से बुरी तरह मारपीट किया। एक लडक़े ने अपने पैर से चेहरे को दबा रखा था और विवेक के दोनों कान के कुंडल, सोने की चैन, अंगूठी, स्मार्ट वॉच और जेब में रखे 1200 रुपए नगद, पैन कार्ड, आधार कार्ड, एन्ड्राइड मोबाइल, इयर बड का डिब्बा लूट लिया। आरोपियों ने उससे मोबाइल का पासवर्ड जान की धमकी देकर मांगा और फोन पे का भी पासवर्ड ले लिया। वारदात के बाद दोनों युवक भाग निकले तो किसी तरह विवेक अपने घर पहुंचा। सिविल लाइन रामपुर थाना में विवेक श्रीवास की रिपोर्ट पर अज्ञात दो युवकों के विरुद्ध लगभग 50 हजार रुपए की लूट के मामले में धारा 394, 506 भादवि का जुर्म दर्ज कर पता-तलाश किया जा रहा है।

### देशी शराब की बोतल में निकला कीड़ा

**कोरबा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में शराब की बोतल में कीड़े मिलने का मामला सामने आया है। मामला रामपुर देशी शराब दुकान का है। मिली जानकारी के अनुसार अमरैया पारा निवासी रामेश्वर कुमार ने बताया कि वह बालको काम करने जा रहा था। इस दौरान वह रामपुर स्थित देसी शराब दुकान से शराब लिया। जहां शराब लेने के बाद कुछ दूर जाकर उसने देखा तो उसे बोतल के अंदर कीड़ा नजर आया। जिसकी शिकायत उसने देसी शराब दुकान के मैनेजर से की। जिसपर उन्होंने सेल्समैन को कीड़ा मिलने और बोतल का ढक्कन खुला होने की जानकारी दी तो कहा गया कि हम कुछ नहीं कर सकते। सरकार पैक करवा कर भेजती है जिसे हम बेचते हैं। शराब में कीड़े और मिलावट का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी हरदी बाजार, अमरेली समेत अन्य कई देशी और अंग्रेजी शराब दुकान में मामले आ चुके हैं।

# ऑनलाईन ठगी करने वाले बांगलादेशी व कैमरून मूल के दो अंतराष्ट्रीय ठगो सहित चार गिरफ्तार

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** बिलासपुर पुलिस ने ऑनलाईन सायबर ठगी करने वाले एक बांगलादेशी व एक कैमरून मूल के अंतराष्ट्रीय ठगो सहित कुल 4 शातिर जालसाजो को हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सियाशरण तिवारी निवासी मोपका बिलासपुर को अज्ञात मोबाईल धारक द्वारा वॉट्स्अप के माधयम से संपर्क कर घर में रहकर कार्य करने व लाभ अर्जित करने प्रलोभन दिया गया एवं ऑनलाईन टेलीग्राम एप के माध्यम से लिंक भेजकर गूगल मैप पर होटल, लॉज, किला की ऑनलाईन रिव्यू रेटिंग कर उसका स्क्रीन शॉट भेजने पर आय अर्जित कराने के नाम पर प्रार्थी से कुल 27,80,510 रूपये ठगी करने की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रार्थी के साथ धोखाधडी करने वाले व्यक्तियो की जानकारी एकत्र करने सायबर पोर्टल पर रिपोर्ट दर्ज कर कर अवलोकन किया गया संदिग्ध बैंक खातो को चिन्हांकित कर बैंक स्टेटमेंट, एटीएम फुटेज की समीक्षा एवं तकनीकी इन्पुट के आधार पर आरोपियो के हिंमाचल प्रदेश के शिमला व सोलन के आसपास मे ठिकाना बनाकर अपराध करने की जानकारी प्राप्त हुई। डॉ. संजीव शुक्ला (भा.पु.से.) पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेन्ज बिलासपुर एवं रजनेश सिंह (भा.पु.से.) पुलिस अधीक्षक बिलासपुर द्वारा धोखाधडी व सायबर अपराधो की समीक्षा कर समस्त राजपत्रित अधिकारियो को विशेष निर्देश दिये गये थे इस निर्देश के पालन में एक विशेष टीम निरीक्षक राजेश मिश्रा के निर्देशन मे हिंमाचल प्रदेश के शिमला व सोलन ओर रवाना की गई थी टीम द्वारा 01 सप्ताह से अधिक समय तक हिंमाचल प्रदेश के शिमला व सोलन में रहकर आरोपीयो का पता ठिकाना ज्ञात कर विवेचना प्रारम्भ की गई जो आरोपीगण ऑनलाईन ठगी का काम करने में संलिप्त होने की जानकारी प्राप्त हुई। स्थानीय पुलिस के सहयोग से आरोपी प्रियांशु रंजन निवासी हैदराबाद को हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया जो अपने साथी मो. शोबुल, राजवीर सिंह व टेम्फुकार्ल नगेह के साथ मिलकर विगत 01 वर्ष से अधिक समय से टेलीग्राम एप के माध्यम से लोगो को जोड़कर विभिन्न प्रकार से मुनाफा कमाने के नाम पर ऑनलाईन ठगी का काम करना स्वीकार किये है ठगी के काम में उपयोग में आने वाले मोबाईल फोन, लैपटॉप, फर्जी सिम कार्ड व फर्जी बैंक खाते जप्त किये गये है।

# शोसल मीडिया में अश्लील वीडियो पोस्ट किया, आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिले में सजग कोरबा अभियान के तहत अपराध पर अंकुश लागाने सतत प्रयास किया जा रहा है। कटघोरा थाना क्षेत्रांतर्गत सोहेल अली पिता लियाकत अली उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम तुमान पर 2022 में सोशल मीडिया फेसबुक में अश्लील वीडियो पोस्ट करने का मामला है, तो वही जय प्रकाश सारथी पिता देवनारायण सारथी उम्र 30 वर्ष निवासी पुछापारा, कटघोरा पर भी 2023 में सोशल मीडिया में अश्लील वीडियो पोस्ट करने का मामला दर्ज है। सायबर क्राइम के मामलों में गंभीरता से कार्यवाही करने हेतु जिला पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा श्रीमती नेहा वर्मा व एसडीओपी कटघोरा पंकज ठाकुर के मार्ग दर्शन में कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने दोनों आरोपियों पर आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर दोनों अरोपियों की गिरफ्तारी की तथा दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया। इस गिरफ्तारी में कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी, उपनिरीक्षक शिव कुमार कोसरिया, एएसआई राजेन्द्र प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक दीपक कश्यप, आरक्षक अजय खुटले, आरक्षक महेंद्र चन्द्रा का अहम योगदान रहा।

# अंतर्राज्यीय शैक्षणिक भ्रमण पर गए कृषि महाविद्यालय के छात्र

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कटघोरा के तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राएं कृषि संबंधी तकनीकी व नवाचार की जानकारी हेतु अंतर्राज्यीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए 30 जून से 6 जुलाई तक कृषि एवं कृषि से संबंधित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से संबंध राष्ट्रीय संस्थाओं के भ्रमण में रहेंगे। जहां पर छात्र-छात्राएं उन संस्थानों में क्या-क्या नवाचार हो रहे हैं से रूबरू होंगे साथ ही वहां के वैज्ञानिकों से चर्चा एवं मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे। इस दौरान वे हैदराबाद राजेंद्र नगर स्थित आठ संस्थाओं में जाएंगे, जिसमें प्रमुख रूप से नार्म, मैनेज, क्रीडा, भारतीय मिले रिसर्च संस्थान, तेलंगाना कृषि विश्वविद्यालय, भारतीय तेल अनुसंधान, भारतीय चावल अनुसंधान संस्थान एवं आदि संस्थानों में भ्रमण करेंगे। तत्पश्चात विशाखापत्तनम आंध्रप्रदेश जाकर एग्रीकल्चर रिसर्च सेंटर एवं केंद्रीय मत्स्य संस्थान जायेंगे। यह मुख्य रूप से छात्रों के शैक्षणिक कार्यक्रम का एक हिस्सा है साथ ही आने वाले भविष्य के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा। शैक्षणिक भ्रमण के लिए हरी झंडी अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय के डॉ. एस.एस. पोर्ते के द्वारा दिखाई गई। कार्यक्रम हेतु पूर्ण व्यवस्था इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल के द्वारा किया गया है।

# 75 हजार के नकली नोट के साथ एक गिरफ्तार

**जशपुर(विश्व परिवार)।** जाली नोट का कारोबार करने वाले के विरुद्ध जशपुर पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते एक व्यक्ति को 75 हजार रूपये के नकली नोट के साथ गिरफ्तार किया है। मामले में थाना बागबहार में आरोपी के विरूद्ध धारा 489(बी), 489 (सी), 120(बी) का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 30.06.2024 को मुखबीर से पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह को सूचना मिली कि बागबहार क्षेत्र के ग्राम चिकनीपानी स्थित भरारी नाला के पास एक सफेद रंग के आल्टो कार क्र. सी.जी. 16 सी.एम. 9300 में सवार सम्पत कुमार टोप्पो एवं उसके एक अन्य साथी द्वारा ओड़िसा से आये व्यक्तियों से नकली नोट प्राप्त कर असली के रूप में उपयोग करने एवं खपाने हेतु ग्राहक की तलाश कर रहें हैं। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा तत्काल थाना प्रभारी बागबहार निरीक्षक सरोज टोप्पो के नेतृत्व में एक टीम गठित कर मौके के लिये रवाना किया गया, टीम द्वारा भरारी नाला के पास जाकर आल्टो कार क्र. सी.जी. 16 सी.एम. 9300 की घेराबंदी की जा रही थी, इसी दौरान कार में सवार 03 व्यक्ति पुलिस के आने की भनक पाकर मौका पाकर जंगल की ओर भाग गये, एक व्यक्ति कार की सीट पर बैठा मिला पूछने पर अपना नाम सम्पत कुमार टोप्पो उम्र 24 साल निवासी कोरिमा थाना अंबिकापुर का होना बताया, पुलिस टीम द्वारा उससे जाली नोट रखने के संबंध में पूछताछ करने के उपरांत गवाहों के समक्ष तलाशी लेने पर ड्राईवर सीट के पीछे रखे बैग को खोलकर देखने पर 500-500 रू. के नकली नोट कुल 150 नग 75 हजार रूपए नकली नोट के साथ 500-500 रू. के असली नोट 98 नग 49 हजार नगद एवं 04 बंडल नोट साईज का सफेद कागज मिलने पर जप्त करते हुये सम्पत कुमार टोप्पो को हिरासत में लिया गया। उक्त नकली नोट रखने के संबंध में सम्पत कुमार टोप्पो से पूछताछ करने पर बताया कि उसके फरार साथी के बतायेनुसार असली नोट के बदले 05 गुना नकली नोट ओड़िसा का एक पार्टी देगा, यदि नकली नोट का व्यवसाय करना है तो पैसा का व्यवस्था करो, ऐसा उसके साथी के कहने पर वह 50 हजार रू. की व्यवस्था कर दिनांक 29.06.2024 को अपने साथी के साथ कार क्रमांक सी.जी. 16 सी.एम. 9300 में सवार होकर भरारी नाला के पास आया था, जहाँ ओड़िसा की पार्टी द्वारा दूसरे दिन आने हेतु कहने पर दिनांक 30.06.2024 को अपने साथी के साथ पहुंचा था, जहाँ पहले से ओड़िसा के व्यक्ति आये और सैम्पल दिखाने के उपरांत 500-500 रू. के नकली नोट 150 नग कुल 75 हजार रूपए दिये, जिसे वह कार में पीछे तरफ रखा था, इसी दौरान वे पुलिस को देखकर भाग गये।

# दिव्यांगजनों का शत प्रतिशत विशिष्ट पहचान पत्र बनना हो सुनिश्चित : कलेक्टर



**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** आज समय सीमा की बैठक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में रखी गई थी। जिसमें कलेक्टर रोहित व्यास ने दिव्यांगों को विशिष्ट पहचान पत्र के सम्बंध में समाज कल्याण विभाग से जानकारी ली। उन्होंने भारत शासन के निर्देश का अनुपालन करते हुए जिले के शत प्रतिशत दिव्यांगजनों का यूडीआईडी कार्ड बनवाने के निर्देश समाज कल्याण के संबंधित अधिकारी को दिये। यूडीआईडी कार्ड के लिए दिव्यांग को पहले समाज कल्याण विभाग में पंजीयन कराना होगा। पंजीयन के लिए आवेदन फॉर्म के साथ विकलांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड जमा करना होगा। गहन डायरिया नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत स्पॉट डायरिया कैंप की शुरुआत आज जिले में हो गई है। जो कि 01 जुलाई से 31 अगस्त तक चलना है। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने इसमें स्वास्थ्य विभाग को कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य केंद्र में ओआरएस, जिंक व अन्य संबंधित दवाइयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध विभाग के संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करेंगें। इसके साथ ही उन्होंने नगरीय निकाय व नगर पंचायत के सीएमओ को स्पष्ट निर्देश किये की लोगों के घर में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो इसके लिए सीएमओ पाइप लाइन का निरीक्षण करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने सीएमओ को पानी का सैम्पल लेकर उसकी जांच करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर ने समीक्षा करते हुए कृषि, सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों को खाद, बीज, रासायनिक उर्वरक तथा कीटनाशकों की आसानी से उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी संबंधित अधिकारी खाद, बीज, रासायनिक उर्वरक तथा कीटनाशकों की उपलब्धता की नियमित मॉनिटरिंग करें और किसान बंधुओं के साथ नियमित संपर्क में रहें। बैठक में हाथी मानव द्वन्द्व को लेकर भी वृहद चर्चा की गई। हाथी विचरण क्षेत्रों में जनहानि रोकने के लिए डीएफओ सूरजपुर द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश। इसके तहत डीएफओ पंकज कमल ने करंट से हाथियों की सुरक्षा को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बिजली के खंभों के उचित मानदंडों के अनुसार स्थापना एवं रखरखाव किया जाए। उन्होंने इन प्रभावित क्षेत्रों में कच्चे मकान को पक्के बनवाने की आवश्यकता बताते हुए हाथी विचरण के दौरान लोगों को हाथियों से दूरी बनाए रखने की आवश्यकता बताई ताकि जनहानि को रोका जा सके। हाथी मानव द्वंद्व को लेकर कलेक्टर ने सभी उपस्थित अधिकारियों को वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि द्वंद्व की स्थिति को नगण्य किया जा सके और जनहानि को समाप्त किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने हाथी मूवमेंट से अलर्ट रखने के लिए अलर्ट ग्रुप बनाने के निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत सीईओ कमलेश नंदिनी साहू, अपर कलेक्टर नयनतारा सिंह तोमर व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# संपादकीय

## सरकार की नीतियों और कामकाज का उल्लेख.....

भारत के संसदीय लोकतंत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण की परंपरा वर्षों पुरानी है। संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक, लोक सभा के प्रत्येक आम चुनाव के बाद, पहले सत्र में सदस्यों के शपथ ग्रहण करने और सदन का अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद राष्ट्रपति दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करता है। यह अभिभाषण सरकार का नीति वक्तव्य होता है। इसमें सरकार की नीतियों और कामकाज का उल्लेख रहता है, इसलिए सरकार के द्वारा ही इसके मसौदे को तैयार किया जाता है। परंपरा तो यह रही है कि इस सबसे गरिमापूर्ण औपचारिक कार्यवाही के दौरान विपक्ष शांतिपूर्ण ढंग से इसे सुनता है। अभिभाषण के बाद जब सदन में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होती है तो विपक्षी सांसदों को अपनी आपत्तियों और असहमतियों को दर्ज कराने का अवसर मिलता है लेकिन देखा जा रहा है कि कुछ वर्षो से राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान विपक्षी दलों के सांसद सदन में शोरगुल करते हैं और हंगामा बरपाते हैं। अठारहवीं लोक सभा में जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दोनों सदनों को संबोधित करते हुए मोदी सरकार के पिछले दस वर्षो के कामकाज और उपलब्धियों का जिक्र किया तो विपक्षी दलों के सांसदों ने सदन में शोरगुल मचाना शुरू कर दिया। राष्ट्रपति को निवेदन करना पड़ा कि वे शांतिपूर्ण ढंग से उनके अभिभाषण को सुनें। राष्ट्रपति मुर्मू ने इस समय के सबसे ज्वलंत राष्ट्रीय मुद्दे के रूप में पेपर लीक की घटनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने पेपर लीक की घटनाओं को बहुत गंभीरता से लिया है और इसे रोकने के लिए कड़े उपाय कर रही है। जाहिर है कि पेपर लीक का मामला सीधे-सीधे देश के छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ जुड़ा हुआ है। निश्चित रूप से सरकार को ऐसे सख्त कदम उठाने चाहिए कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। राष्ट्रपति ने युवाओं की बात को आगे बढ़ाते हुए जब यह कहना शुरू किया कि सरकार की कोशिश है कि देश के युवाओं को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर मिले तो उनके इतना भर कहने पर विपक्ष के सदस्यों ने सदन के अंदर हंगामा करना शुरू कर दिया। उन्होंने पच्चीस जून, 1975 को देश की जनता पर आपातकाल थोपे जाने की घटना को संविधान और लोकतंत्र पर बड़ा हमला बताया।

# लोकतंत्र पर हावी हो रहा अलगाववाद

**प्रताप सिंह पटियाल**

यदि अलगाववाद व कट्टरपंथ की पैरवी करने वाली जहनियत भी जम्हूरियत की सबसे बड़ी पंचायत में तशरीफले जाएगी तो ऐसी विचारधाराओं का संगम राष्ट्र के लिए गंभीर खतरा बनेगा। सियासत का मकसद केवल सत्ता की दहलीज पर पहुंचने के लिए ही रह गया है चार जून 2024 को 18वीं लोकसभा के लिए मतदाताओं के जनादेश ने देश-दुनिया के सियासी पंडितों के अनुमान को ध्वस्त करके मुल्क की सियासत को हैरत में डाल दिया था। चुनावी समर में सियासी दुर्ग फतह करने के लिए कई तरह के लोकलुभावन वादों की बिसात बिछाई जाती है। ज्यादातर सियासी जमातों की सियासत जाति-मजहब, क्षेत्रवाद व वंशवाद की सदारत करती है। चुनावों के दौरान लोगों को मुफ्तखोरी के प्रलोभन देना सियासत की फितरत बन चुका है। मगर जागरूक व सतर्क मतदाता शिक्षित व साफछवि वाले जनप्रतिनिधि को लोकतंत्र का भाग्य विधाता चुनने की कोशिश करते हैं, ताकि लोकतंत्र की संस्थाओं में आम लोगों के हितों की पैरवी हो तथा सत्तापक्ष द्वारा निर्धारित की गई नीतियों पर सकारात्मक बहस हो सके। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से सियासत का मिजाज बदल रहा है। जब जम्हूरियत के निजाम में आवाम कुछ बातों को अपनी जुबान से बयान नहीं कर पाती तो खामोशी से अपने वोट के जरिए सियासी रहनुमां का चुनाव करके अपने जज्बातों का इजहार किया जाता है। मौजूदा लोकसभा चुनावों के दौरान विपक्षी दलों ने महंगाई व बेरोजगारी पर जोरदार ताकीद पेश करके देश के आईन को बचाने का हवाला भी दिया था। मगर कुछ सीटों पर लोगों का जनादेश हैरतअंगेज करने वाला रहा है। मतदाताओं ने ऐसे जनप्रतिनिधियों को देश की संसद में भेजने का फरमान जारी कर दिया है जो अलगाववाद की खुलेआम हिमायत करते हैं तथा 'राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम' के तहत जेलों में बंद हैं। भारत में रहकर अपने ही मुल्क को खंडित करने वाली मनोग्रंथी से पीड़ित होकर 'टेरर फंडिंग' व



आतंकी गतिविधियों के मामले में सलाखों के पीछे हैं। विडम्बना है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन चुके तथा गैंगेस्टर व आर्म्स एक्ट जैसे संगीन मामलों में जेलों में बंद माफियाओं को देश का संविधान चुनाव लडने़ की अनुमति देता है। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या चरमपंथ व अलगाववाद की हिमायत करने वाले प्रतिनिधि संविधान के प्रति आस्था व विश्वास रखते हैं, संवैधानिक सिद्धांतों को तसलीम करते हैं। यदि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन चुके प्रत्याशी जेलों में बैठ कर चुनाव जीत जाएं तथा मर्डर व आर्म्स एक्ट जैसी संगीन वारदातों में मुल्लविस सियासी रहनुमाओं को मतदाता अपना प्रतिनिधि चुनकर संसद में भेजेंगे तो जम्हूरी निजाम के साथ मुल्क के आईन पर भी सवाल उठेंगे। लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति इस कारकर्दगी को मतदाताओं की नाराजगी समझें या मतदान के प्रति जागरूकता का अभाव। लेकिन मतदाताओं ने कट्टरवाद के हिमायती कुछ सियासी रहनुमाओं को प्रतिनिधि चुन कर मुल्क की सियासत को जो पैगाम दिया है, उस नजरिए को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। देश में ऐसे कई सियासी रहनुमां हैं जिनके नाम के साथ माफिया, डॉन व बाहुबली जैसे लफ्ज जुड़े हैं। सलाखों के पीछे बैठकर चुनाव लडक़र अपने सियासी रुतबे की नुमाईश करना भी देश में एक फैशन बन चुका है। सियासत की यह कारगुजारी सोचने पर मजबूर करती है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की बहाली के लिए राजा-महाराजाओं ने अपनी रियासतों का हिंदोस्तान में इलहाक करके जिस प्रजातंत्र की कल्पना की थी, क्या वो लोकतंत्र कायम हुआ। यदि अलगाववाद व कट्टरपंथ की पैरवी करने वाली जहनियत भी जम्हूरियत की सबसे बड़ी पंचायत में तशरीफले जाएगी तो ऐसी विचारधाराओं का संगम राष्ट्र के लिए गंभीर खतरा बनेगा। कई जनप्रतिनिधि फरमाते हैं कि सियासत समाज के कल्याण व आवाम की खिदमत का माध्यम है, लेकिन सियासतदानों की कार्यशैली दर्शाती है कि सियासत का मकसद केवल सत्ता की दहलीज पर पहुंचने के लिए ही रह गया है। जम्हूरियत की बुलंदी पर पहुंचने की लालसा हर जनप्रतिनिधि के जहन में कायम है। ज्यादातर सियासी रहनुमाओं पर सियासी रसूख की हनक, अक्सरियत का खुमार व इक्तदार का गुमान हावी रहता है। धनबल, बाहुबल, मौकापरस्ती व अलगाववाद जैसी विचारधाराओं के मिलन से सियासत विवशता का खेल बन चुकी है। चुनाव विश्लेषण करने वाली संस्था 'एसोसिएशन ऑफ डैमोक्रेटिक रिफार्म' (एडीआर) के अनुसार नब्बे प्रतिशत से अधिक सांसद करोड़पति की फेहरिस्त में शामिल हैं। जाहिर है हजारों करोड़ रुपए की संपत्ति के वारिस प्रतिनिधि गुरबत से जूझ रही आवाम की मजबूरी नहीं समझ सकते। बेरोजगारी की गर्दिश में फंसे युवा वर्ग के हिज्र का दर्द महसूस नहीं कर सकते। भ्रष्टाचार से लेकर बेहद संगीन जुर्म तक ऐसा कोई अपराध नहीं जिसके तार सियासत से न जुड़े हों। सियासतदानों की कारगुजारियों से निर्वाचन आयोग व प्रवर्तन निदेशालय जैसी एजेंसियां भी परेशान हो चुकी हैं, मगर माफिया, बाहुबली व अलगाववादी जैसे सियासी एजाज हासिल होने के बावजूद सियासी रहनुमाओं के प्रति आवाम का नजरिया अदब का ही रहता है। इसीलिए सियासत अपराध से मुक्त नहीं हो रही। तोहमत, फरेब व दलबदल से लबरेज सियासत सियासी रहनुमाओं के लिए एक इबादत का विषय बन चुकी है। अलगाववाद की असबियत तथा आपराधिक पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखने वाले प्रतिनिधि यदि देश के नीति निर्माता बनकर संसद में मौजूद होंगे, तो रक्षा क्षेत्र जैसे संवेदनशील मुद्दे पर सियासी नजर-ए-करम की उम्मीद नहीं की जा सकती। चूंकि हिंदोस्तान की सलामती के खिलाफ मंसूबे बनाने वाले बैरूने मुल्क भी अलगाववादियों की पुरजोर हिमायत करते हैं, यदि लोकतंत्र के मुख्य स्तम्भ विधायिका व कार्यपालिका भी अलगाववाद व चरमपंथ की गिरफ्त में आ जाएंगे, तो सबसे बेहतर शासन व्यवस्था प्रजातंत्र में अदब, एहतराम व सादगी जैसे गुणों की गुंजाइश नहीं रहेगी। बहरहाल जम्हूरियत की सबसे बड़ी पंचायत में चरमपंथ व अलगाववाद की रफाकत लोकतंत्र के लिए नदामत का सबब बनेगी। अत: संवैधानिक लोकतंत्र में अलगाववादी मानसिकता मंजूर नहीं होनी चाहिए। प्रजातंत्र को महफूज रखने के लिए आपराधिक छवि वाले सियासी रहनुमाओं के प्रति हमदर्दी से परहेज करना होगा। उन्हें चुनाव लडने़ से रोकना होगा।

## विशेष लेख

# सरकार किसी किस्म के समझौते के मूड में नहीं

**अजीत द्विवेदी**

लोकसभा चुनाव, 2024 के नतीजों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कम से कम दो बार कहा कि सरकार बहुमत से बनती है लेकिन सर्वमत से चलती है। उन्होंने संकेत दिया था कि उनकी तीसरी सरकार संसद के अंदर और बाहर भी आम सहमति के साथ काम करेगी। लेकिन पहले सत्र से ही ऐसा होता नहीं दिख रहा है। ऐसा लग रहा है कि सर्वमत की सिर्फ बातें हैं और असल में सरकार बहुमत से ही चलेगी। शुरुआती लक्षण सरकार के उसी अंदाज में काम करने के हैं, जिस अंदाज में पहले 10 साल नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री के तौर पर काम किया है। आगे होने वाले राज्यों के चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन खराब हो और तब पार्टी के अंदर और बाहर से दबाव बढ़े तो अलग बात है। लेकिन उससे पहले सरकार किसी किस्म के समझौते के मूड में नहीं है। सरकार का कामकाज पुराने अंदाज में ही होता लगता है। ऐसा लग रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसी भी तरह से सरकार के या खुद के कमजोर होने का मैसेज नहीं बनने देना चाहते हैं। वे यह संदेश देना चाहते हैं कि वे पहले की तरह निर्णय करने वाले मजबूत नेता हैं और भले भाजपा की सीटें कुछ कम हो गई हैं लेकिन इससे वे कमजोर नहीं हुए हैं। उनको पता है कि अगर सरकार के या उनको कमजोर होने की धारणा बनी तो सहयोगी पार्टियों का दबाव बढ़ेगा, जिससे उनकी पसंद के फैसले करने होंगे। पार्टी के अंदर से आवाजें उठनी शुरू होंगी, जिससे निपटना आसान नहीं होगा और अगर एक बार विपक्ष के मुंह में खून लग गया तो हर मसले पर वह सरकार को झुकाने या आम सहमति बनाने के लिए बाध्य करेगी। तभी %बिल्ली पहली रात को मारी जाती है' वाली कहावत के हिसाब से नरेंद्र मोदी ने तमाम विरोध और दबावों को पहले सत्र में ही दरकिनार कर दिया। उन्होंने बता दिया कि सरकार पुराने ढर्रे पर ही चलती रही है। हालांकि राज्यों के चुनाव नतीजों से इस स्थिति में बदलाव आ सकती है। बहरहाल, स्पीकर के तौर पर ओम बिरला की वापसी इस बात का संकेत है कि संसद वैसे ही चलेगी, जैसे पहले चलती रही है। विपक्षी पार्टियों ने स्पीकर के पद पर बहुत राजनीति की। उन्होंने भाजपा की सहयोगी पार्टियों को उकसाने का भी काम किया। लेकिन चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी और नीतीश कुमार की जनता दल यू ने विपक्ष की ओर से फेंका गया चारा नहीं निगला। वे चुपचाप पड़े रहे और सरकार का समर्थन किया। विपक्ष ने यह दांव भी चला कि सरकार पंरपरा के मुताबिक डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को दे तभी स्पीकर पद पर आम सहमति बनेगी। यह बात खुद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे़ ने टेलीफोन पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से कही। लेकिन सरकार ने इसकी अनदेखी की और ओम बिरला को स्पीकर का उम्मीदवार बनाया। विपक्ष ने प्रतीकात्मक रूप से कोडिकुन्निल सुरेश को उम्मीदवार बनाया लेकिन चुनाव के दौरान मत विभाजन की मांग नहीं की। पिछली लोकसभा में सांसदों को निलंबित करने का रिकॉर्ड बनाने वाले ओम बिरला से स्पीकर बन गए हैं और डिप्टी स्पीकर का पद पहले की तरह खाली रखा गया है। विपक्ष को डिप्टी स्पीकर का पद मिलने की संभावना नहीं दिख रही है। इसी तरह दूसरा फैसला दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी है। संसद के सत्र के दौरान हुई गिरफ्तारी इस बात का संकेत है कि विपक्ष के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई में कोई ढील नहीं दी जाने वाली है। गौरतलब है कि केजरीवाल को दिल्ली की शराब नीति से जुड़े घोटाले में ईडी ने मार्च में गिरफ्तार किया था। उसके बाद 21 दिन की अंतरिम जमानत अवधि को छोड़ कर बाकी समय वे जेल में रहे। अप्रैल के पहले हफ्ते में ईडी की रिमांड खत्म होने के बाद ही कहा जा रहा था कि सीबीआई उनको हिरासत में लेगी। लेकिन सीबीआई ने उनको हिरासत में नहीं लिया। जब निचली अदालत से उनको जमानत मिली और ऐसा लगा रहा था कि सुप्रीम कोर्ट से भी उनको जमानत मिल सकती है तब सीबीआई ने उनको गिरफ्तार करके रिमांड पर ले लिया। जाहिर है इसका मतलब उनको लंबे समय तक जेल में रखना है। सोचें, सरकार को पता है कि संसद का सत्र चल रहा है और विपक्ष बहुत मजबूत है फिर भी एक विपक्षी नेता और एक राज्य के मुख्यमंत्री के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई हुई है। इस एक कार्रवाई से आगे का रोडमैप दिखने लगा है। असल में भाजपा को अपने उस वोट बैंक की चिंता करनी है, जो विपक्षी पार्टियों को भ्रष्ट मानता है और कार्रवाई से खुश होता है।

# दुनिया में खतरनाक लोग एक-दूसरे के करीब

**श्रुति व्यास**

दुनिया बदल रही है, पलट रही है और युद्धों में उलझ रही है। वही वह प्रजातंत्र और उसकी भाषा से दूर खिसक रही है। नतीजतन राईट (दक्षिणपंथ) को %राईट% (सही) साबित करने पर आमादा है। पुराने दोस्त, दोस्ती का लबादा ओढ़े जहां दुश्मनी निभा रहे हैं तो पुराने दुश्मनों में गलबहियां हो रही हैं। दुनिया के लिए, हम सबके लिए, खतरनाक लोग एक-दूसरे के करीब आ रहे हैं। उनकी सोच और इरादे एक से हैं इसलिए वे दोस्त बन नए गठबंधन बना रहे हैं। बुधवार की सुबह आप सब अपने मोबाइल की स्क्रीन पर देख सकेंगे कि एक से डीलडौल वाले उन दो उम्रदराज लोगों को, जो सोच और मिजाज़ में एक से हैं। तब उनके चेहरे और उनकी आँखें चमक रही होंगी। वे या तो एक दूसरे से गर्मजोशी से हाथ मिला रहे होंगे या गले मिल रहे होंगे। उनके नख से शिख तक दुष्टता टपक रही होगी। पश्चिम और सारी दुनिया के लिए उनका एक ही सन्देश होगा, हम से बच कर रहो। कल व्लादिमीर पुतिन अपने अज़ीज़ दोस्त, अपने प्यारे भाई की धरती प्योंगयांग पर होंगे। पुतिन पिछले 24 सालों में पहली बार उत्तर कोरिया जा रहे हैं। जाहिर है कि रूसी तानाशाह के शानदार स्वागत करने में उत्तर कोरिया का तानाशाह कोई कोरकसर बाकी नहीं रखेंगा। किम योंग यह नहीं भूले होंगे कि रूस की उनकी दो पिछले यात्राओं के दौरान पुतिन ने उनके लिए लाल कालीन बिछाया था। दोनों नेताओं को एक-दूसरे से जोडने़ वाला एक तार है। और यह तार उन्हें एक दूसरे का पूरक भी बनाता है। दोनों खलनायक हैं और इसलिए दोनों में अच्छी पटेगी। दूसरे, दोनों दुनिया से अलग-थलग है। इसलिए अपने अकेलेपन को दूर करने में एक-दूसरे के मददगार बन सकते हैं। दुनिया दोनों पर तरह-तरह के प्रतिबन्ध लगा कर परेशान कर रही है। ऐसे में भला वे मिलकर पलटवार क्यों न करें? उत्तर कोरिया में रूस के राजदूत एलेग्जेंडर मात्सगोर ने शायद भविष्य को ध्यान में रख कर ही कहा है कि यह साल दोनों देशों के बीच भागीदारी के नए आयाम स्थापित करेगा। पुतिन की यात्रा, नए आयाम कायम करने की दिशा में पहला कदम है। क्रेमलिन द्वारा जारी एक नोट के अनुसार, दोनों नेता एक दूसरे के साथ अनौपचारिक बातचीत में काफी समय बिताएंगे। वे दोनों देशों पर पश्चिम द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों से निपटने के तरीकों और सुरक्षा व अर्थव्यवस्था के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा करेंगे। दोस्ती के सारे नाटक के बावजूद, सच यह है कि दोनों देश एक-दूसरे को फूटी आँखों नहीं सुहाते। मगर इन दोनों के बीच बढ़ता भाईचारा दुनिया के लिए महत्वपूर्ण है और खतरे की घंटी भी। महत्वपूर्ण इसलिए क्योंकि जहाँ रूस से लड़ाई जारी रखने के लिए यूक्रेन को हथियार आदि सप्लाई करने के मुद्दे पर पश्चिम के खेमे में विवाद और मतभेद हैं, वहीं उत्तर कोरिया, रूस के भाई की भूमिका बहुत अच्छे से निभा रहा है। यह दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण मगर सच है कि किम जोंग अपने बड़े भैया पुतिन की हर तरह से मदद कर रहे हैं ताकि वे युद्ध लड़ते रहें और युद्ध का इलाका बढाते रहें। उत्तर कोरिया ने सोवियत संघ के दौर की तोपों और टैंकों में इस्तेमाल होने वाले दसियों लाख गोला-बारूद रूस को उपलब्ध करवाए हैं। साथ ही उसने रूस को बैलिस्टिक मिसाइलें और युद्ध में काम आने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी निर्यात किये हैं। इससे यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियान को मदद मिली है। उत्तर कोरिया की केन्द्रीय न्यूज़ एजेंसी के लिए लिखे गए एक लेख में पुतिन ने किम और उत्तर कोरिया की तारीफों के पुल बांधे हैं। उन्होंने कहा है कि उत्तर कोरिया, यूक्रेन में युद्ध में मजबूती से रूस के साथ खड़ा है। बदले में रूस ने भी बड़े भैया के कर्त्तव्य निभाए। उसने उत्तर कोरिया को सहायता भी दी और समर्थन भी। अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों और उसके बाद महामारी के दौर में पुतिन ने किम का पूरी तरह साथ दिया। रूस के साथ व्यापार के चलते उत्तर कोरिया की अर्थव्यवस्था में स्थिरता आई। पिछले कुछ महीनों में कृषि, संस्कृति, सुरक्षा और तकनीकी जैसे मामलों के विशेषज्ञों के अनेक प्रतिनिधिमंडलों का दोनों देशों में आना-जाना हुआ है। ऐसा बताया जाता है कि उत्तर कोरिया में पर्यटन भी खूब फलफूल रहा है क्योंकि व्लादिवोस्तोक में ट्रेवल एजेंसियां पूरी दुनिया से कटे उत्तर कोरिया को गर्मी की छुट्टियाँ मनाने के लिए आदर्श स्थल के रूप में प्रचारित कर रही हैं। इस सबसे किम योंग की उनके देश में लोकप्रियता बढ़ी है। मगर दोनों देशों की दोस्ती केवल एक-दूसरे की मदद करने तक सीमित नहीं है। उत्तर कोरिया वैश्विक स्तर पर रूस बनाम पश्चिम टकराव में रूस का ख़ास प्यादा है। वह अमेरिका के लिए एशिया में उसकी रणनीति को लागू करना कठिन बनाता आ रहा है तो रूस बहुराष्ट्रीय संगठनों में उत्तर कोरिया की मदद करता है। अभी हाल में रूस ने संयुक्त राष्ट्रसंघ में एक प्रस्ताव को वीटो किया था जिसमें उत्तर कोरिया पर लगाए गए प्रतिबंधों की निगरानी करने वाले %पैनल ऑफ़ एक्सपर्ट्स% के कार्यकाल को बढ़ाने का प्रस्ताव किया गया था। उत्तर कोरिया के साथ नजदीकी बढाकर, रूस यह सुनिश्चित करना चाहता है कि दक्षिण कोरिया, जो हथियारों का बड़ा निर्माता है, यूक्रेन को सीधे हथियार न सप्लाई कर सके। पुतिन और किम की भागीदारी भले ही लेनदेन पर आधारित लगे मगर रूस और उत्तर कोरिया के लिए रणनीतिक कारणों से भी एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करना ज़रूरी है। कुल मिलाकर, दोनों देश पश्चिम के नेतृत्व वाले गुट, जो नियम-कानूनों पर आधारित उदारवादी वैश्विक व्यवस्था के पक्षधर है, के बरक्स एक वैकल्पिक राजनैतिक, आर्थिक और साझा सुरक्षा पर आधारित गुट खड़ा करने का प्रयास हैं। इसमें चीन और ईरान भी शामिल हैं। भू-रणनीतिक दृष्टि से उत्तर कोरिया के लिए यह अच्छा ही है कि अमेरिका यूक्रेन में फंसा रहे और इस बीच वह अपने मिसाइल और परमाणु कार्यक्रमों को आगे बढ़ा सके।

# बढ़ते प्रदूषण से जान और जहान खतरे में.......

**ललित गर्ग**

कहते हैं कि जान है तो जहान है, लेकिन भारत में बढ़ते प्रदूषण के कारण जान और जहान, दोनों ही खतरे में हैं। देश की हवा में घुलते प्रदूषण का 'जहर' अनेक बार खतरनाक स्थिति में पहुंच जाना चिंता का बड़ा कारण हैं। प्रदूषण की अनेक बंदिशों एवं हिदायतों के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण की बात खोखली साबित हो रही है। यह कैसा समाज है जहां व्यक्ति के लिए पर्यावरण, अपना स्वास्थ्य या दूसरों की सुविधा-असुविधा का कोई अर्थ नहीं है। जीवन-शैली ऐसी बन गई है कि आदमी जीने के लिए सब कुछ करने लगा पर खुद जीने का अर्थ ही भूल गया। गंभीर होती इस स्थिति को यूनिसेफ और अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान 'हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट' की साझेदारी में जारी रिपोर्ट ने बयां किया है। रिपोर्ट के आंकड़े करने वाले हैं, जिनमें 2021 में वायु प्रदूषण से 21 लाख भारतीयों के मरने की बात कही गई है। दुखद यह है कि मरने वालों में 1.69 लाख बच्चे हैं। निश्चय ही ये आंकड़े जहां व्यथित और चिंतित करने वाले हैं वहीं नीति-नियंताओं के लिए शर्म का विषय होना चाहिए। सरकार की नाकामयियां ही हैं कि जिंदगी विषमताओं और विसंगतियों से घिरी है, कहीं से रोशनी की उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है। जानलेवा वायु प्रदूषण न केवल भारत, बल्कि दुनिया के लिए गंभीर समस्या है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की संख्या की बात है तो यह करीब 81 लाख बताई जाती है।चिंता की बात यह है कि भारत और चीन में वायु प्रदूषण से मरने वालों की संख्या के मामले में यह आंकड़ा



वैश्विक स्तर पर 54 फीसद है जो हमारे तंत्र की विफलता, गरीबी और प्रदूषण नियंत्रण में कोताही को दर्शाता है। इसमें आम आदमी की लापरवाही भी कम नहीं है। उसे पता ही नहीं होता कि किन प्रमुख कारणों से वह प्रदूषण फैला रहा है। प्रश्न है कि आम आदमी एवं उसकी जीवनशैली वायु प्रदूषण को इतना बेपरवाह होकर क्यों फैलाती है? क्यों आदमी मृत्यु से नहीं डर रहा? प्रदूषण जैसी समस्याएं नये-नये मुखौटे ओढ़ कर डराती हैं। विडम्बना तो यह है कि विभिन्न राज्य सरकारें विकट होती समस्या का हल निकालने की बजाय राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप लगाती रहती हैं। जानबूझकर प्रदूषण फैलाती हैं ताकि एक-दूसरे की छीछालेदर कर सकें। प्रदूषण के नाम पर कोरी राजनीति होना दुर्भाग्यपूर्ण है। दिल्ली सहित उत्तर भारत के ज्यादातर इलाकों में प्रदूषण का बेहद खतरनाक स्थिति में बने रहना चिंता में डालता है। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुरु ग्राम में प्रदूषण का बड़ा कारण पड़ोसी राज्यों से आने वाला पराली का धुआं होता है। पटाखों का धुआं भी समस्या है, इसके अलावा सड़कों पर लगातार बढ़ते निजी वाहन, गुणवत्ता के ईधन का उपयोग न होना, निर्माण कार्य खुले में होना, उद्योगों की घातक गैसों व धुएं का नियमन न होने एवं बढ़ता धूम्रपान जैसे अनेक कारण वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। आवासीय कॉलोनियों और व्यावसायिक संस्थानों का विज्ञानसम्मत ढंग से निर्माण न हो पाना भी प्रदूषण बढ़ाने की वजह है। यह कैसी शासन-व्यवस्था है? अदालतों की कैसी अवमानना का मामला है? यह सभ्यता की निचली सीढ़ी है, जहां तनाव-ठहराव की स्थितियों के बीच व्यक्ति, शासन-प्रशासन प्रदूषण नियंत्रण के दायित्वों से दूर होता जा रहा है। यूनिसेफ की रिपोर्ट में वायु प्रदूषण से 1 लाख 69 हजार बच्चे, जिनकी औसत आयु पांच साल से कम बताई गई है, मौत के शिकार होते हैं। प्रदूषण का प्रभाव गर्भवती महिलाओं पर होने से बच्चे समय से पहले जन्म ले लेते हैं, इनका समुचित शारीरिक विकास ढंग से नहीं हो पाता। बच्चों का कम वजन का पैदा होना, अस्थमा तथा फेफड़ों की बीमारियां से पीड़ित होना जैसी शिकायतें आम हैं। चिंता की बात यह भी है कि गरीब मुल्कों नाइजीरिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इथोपिया से ज्यादा बच्चे हमारे देश में वायु प्रदूषण से मर रहे हैं। विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन के संकट ने वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों की संख्या को बढ़ाया है। एक अरब चालीस करोड़ जनसंख्या वाले भारत के लिए संकट बड़ा है। दिल्ली सहित कई महानगरों में प्रदूषण जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गया है। हर कुछ समय बाद अलग-अलग वजहों से हवा की गुणवत्ता का स्तर 'बेहद खराब' की श्रेणी में दर्ज किया जाता है और सरकार की ओर से स्थिति में सुधार के लिए तमाम उपाय करने की घोषणा की जाती है। हो सकता है कि ऐसा होता भी हो, लेकिन सच यह है कि कुछ समय बाद प्रदूषण का स्तर गहराने के साथ सवाल खड़ा होता है कि आखिर, इसकी असली जड़ क्या है, और क्या सरकार की कोशिशें सही दिशा में हो पा रही हैं? पिछले कई सालों से दुनिया के पहले बीस प्रदूषित शहरों में भारत के कई शहर दर्ज होते रहे हैं। जाहिर है, हम वायु प्रदूषण के दिनोंदिन गहराते संकट से निपट पाने में तो कामयाब हो नहीं पा रहे, बल्कि जानते-बूझते ऐसे काम करने में जरा भी नहीं हिचकिचा रहे हैं, जो हवा को और जहरीला बना रहे हैं। हम नैतिक, आर्थिक, राजनैतिक और सामाजिक एवं व्यक्तिगत, सभी क्षेत्रों में मनोबल के दिवालिएपन के कगार पर आ खड़े हुए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### शुद्ध भक्तियोग परिवार, इंद्रप्रस्थ विस्तार द्वारा श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न



**नई दिल्ली ( विश्व परिवार )।** शुद्ध भक्तियोग परिवार, इंद्रप्रस्थ विस्तार द्वारा श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई जिसके अंतर्गत तीन दिवसीय श्री जगन्नाथ कथा और अंतिम दिवस भव्य श्री जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन हुआ। रथ यात्रा के प्रारंभ से पहले पूज्यपाद राधानाथ प्रभु ने रथ यात्रा की महिमा और श्री जगन्नाथ, बलदेव, देवी सुभद्रा के विशेष रूप धारण करने के रहस्य और पुरी में स्तिथ श्री जगन्नाथ मंदिर के इतिहास से सब को अवगत कराया। इस बार की श्री जगन्नाथ रथ यात्रा बहुत विशेष रही। रथ यात्रा का शुभ आरंभ माननीय हर्ष मल्होत्रा जी (केंद्रीय राज्य मंत्री) के द्वारा किया गया। इस बार देश के विभिन्न राज्यों से भक्तो ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। रथ यात्रा मार्ग भक्तो के द्वारा हरे कृष्ण महामंत्र कीर्तन से गूंज उठा और वैदिक ग्रंथों का वितरण हुआ। बड़ी संख्या में भक्तो ने रात्रि प्रसाद का लाभ उठाया। आम्रपाली एवं आर्य नगर निवासियों के सहयोग से रथ यात्रा अच्छे से सम्पन हुई।

### देवसंस्कृति विश्वविद्यालय से श्रीमती मोतिम गंगा लोधी ने ली पीएचडी की उपाधि



**डोंगरगढ़ ( विश्व परिवार )।** विकासखंड के ग्राम भोथली निवासी श्रीमती मोतिम गंगा लोधी ने दुर्ग जिला के देव संस्कृति विश्व विद्यालय से पीएचडी की उपाधि लेने पर समाज के लोगो मे हर्ष का मौहोल है प्राप्त जानकारी के अनुसार राजनांदगांव जिला विकासखंड डोंगरगढ के ग्राम भोथली निवासी श्रीमती मोतिम लोधी पति डुमेंद्र लोधी ने शोध कार्य पूर्ण कर पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की है। यह उपाधि उन्हें शोध प्रबंध हिन्दी विभाग सेडॉ. बृजेश सिंह के सानिध्य में अभिव्यक्त राष्ट्रीय चेतना, , पर देव संस्कृति विश्वविद्यालय सांकरा जिला दुर्ग ने पीएचडी की उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया। इन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. रवेंद्र कुमार सोनी जी के कुशल निर्देशन में पूरा किया अपनी सफलता का श्रेय अपने पति श्री डुमेंद्र लोधी व परिवार तथा शिक्षकों को दिया है उन्ही के प्रेरणा और सहयोग से ही यह सफलता मिली है डॉ. मोतिम लोधी ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि हमारा पूरा परिवार जनों व गुरूजनों तथा मित्र जनो का सहयोग रहा अपने सफलता पर देव संस्कृति विश्वविद्यालय सांकरा के प्रति उन्होंने आभार व्यक्त किया।

### शा.प्रा. शाला सरगोड़ में मनाया गया प्रवेशोत्सव



**नवापारा राजिम ( विश्व परिवार )।** शा.प्रा. शाला सरगोड़ संकुल केन्द्र जामगाव विखं फिंगेश्वर जिला गरियाबंद में बुधवार को शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी नव प्रवेशी के साथ साथ सभी छात्र छात्राओं मिठाई के साथ मुख मीठा करते हुए पुस्तक गणवेश तथा तिलक लगाकर आम लोगों के बीच मनाया गया।जिसमें प्रमुख रुप से ग्रा.पं.भेण्ड्री के सरपंच यादराम देवदास, उपसरपंच चुम्मनलाल सिंहा, शा प्र स अध्यक्ष श्रीमती चम्पेश्वरी ध्रुव, उपाध्यक्ष नंदनी सिन्हा, सदस्य गण, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक गण नरोत्तम सिन्हा, मूलचंद, दाऊलाल, जगत, पुकला अंजोर, टीका, श्री मती पूर्णिमा, टोमीन, उमा, सत्या, नीता, देवकुमारी, संतोषी, शिक्षक देवनारायण सेन, श्री मती गायत्री ध्रुव, प्रधान पाठक मनोहर साहू द्वारा संचालन एवं आभार व्यक्त किया गया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू का मनाया जन्मदिन

**नवापारा राजिम ( विश्व परिवार )।** पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू के आज 2 जुलाई को जन्मदिन के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग स्थान में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा श्री साहू का जन्मदिन मनाया गया। इसी कड़ी में नवापारा-अभनपुर मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम डोंगीतराई मोड़ पर नवनिर्मित भगवान हनुमान मंदिर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें श्री साहू खुद उपस्थित हुए । कार्यक्रम में श्री साहू ने भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र, प्रदेश, देश और समूचे विश्व के जनकल्याण की कामना की । इसके अलावा श्री साहू ने इस अवसर पर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए पहुंचे सभी कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## मुनि श्री नियम सागर जी महामुनिराज के साथ मुनि श्री ससंघ का मंगलविहार कुंडलपुर से विदिशा के लिये हुआ

**विदिशा ( विश्व परिवार )।** विदिशा का सौभाग्य जागा, आचार्य श्री विद्यासागरजी महामुनिराज के ज्येष्ठ श्रेष्ठ निर्यापक श्रमण आचार्य भगवन समय सागर जी महामुनिराज की मंगल आज्ञा से कर्नाटक सदलगा के गौरव मुनि श्री नियम सागर जी महामुनिराज के साथ मुनि श्री पवित्र सागर जी महाराज मुनि श्री आदि सागर जी महाराज स संघ का मंगलविहार कुंडलपुर से विदिशा के लिये हुआ।

प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया निर्यापक श्रमण नियम सागर जी महाराज का विदिशा नगर में आगमन पहलीबार हो रहा है आपका जन्म कर्नाटक के सदलगा ग्राम से है एवं आचार्य श्री द्वारा चतुर्थ दीक्षित संत है। तथा उनके साथ आ रहे मुनिराज पवित्र सागर जी का विदिशा नगर में तीसरी बार मंगल प्रवेश होगा इसके पूर्व प्रथम बार उपसंघ के रुप में निर्यापक श्रमण योगसागर जी महाराज के साथ आऐ थे तत्पश्चात 2019 में आपकी विदिशा नगर में ग्रीष्म कालीन बाचना हुई एवं लगभग तीन माह का सानिध्य मिला था तीसरी बार आचार्य भगवन् की आज्ञा से 2024 का चातुर्मास करने का सौभाग्य विदिशा बासिओं को मिला है। जैन समाज के प्रवक्ता अविनाश जैन ने मुनि श्री नियमसागर जी महाराज का जीवन परिचय देते हुये बताया आपने संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागरजी महामुनिराज से चौथे क्रम पर दीक्षा ली आपका पूर्व नाम- बा.ब्र. महावीर जी प्रधाने था आपका जन्म दिनांक 1 मई1957 को बुधवार, तिथी वैशाख शुक्ल द्वितीया को वि.सं. 2014, सदलगा, बेलगाम (कर्नाटक) के कृषक परिवार श्री बाबूलाल जी प्रधाने तथा माता श्रीमती सोनाबाई के घर में प्रथम संतान के रुप में हुआ। आपके पश्चात आपकी बहन श्री जिनप्पा जी तथा तीसरे क्रम में छोटे भाई श्री आदिनाथ जी है। आपकी लौकिक शिक्षा पी.यू.सी. (हायर सेकेण्डरी) (कन्नड़) भाषा में हुई तथा आचार्य गुरूदेव श्री विद्यासागरजी महामुनिराज से सन् जनबरी 1975 में मदनगंज, किशनगढ़ अजमेर (राजस्थान) में ब्रह्मचर्य व्रत लेकर मोक्षमार्ग पर अग्रसर हुये। आपकी क्षुल्लक दीक्षा श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र सोनागिरि जी, दतिया (म.प्र.) में सध1975 में हुई। तथा एलक दीक्षा 7-10-1978 को



अश्विन शुक्ल 10 वि.सं.2034, दशमी (दशहरा) श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र नैनागिर जी छतरपुर (म.प्र.) में हुई, तथा जैनैश्वरी दीक्षा दिनांक15 अप्रेल 1980 मंगलवार, वैशाख कृष्ण अमवस्या वि.सं. 2037, मोराजी सागर, जिला सागर (म.प्र.) में हुई।आप आचार्य गुरुदेव के ज्येष्ठ श्रेष्ठ साधू है तथा आपका ज्यादर समय कर्नाटक में ही बीता है आप कन्नड़ भाषी होंने के उपरांत भी हिंदी भाषा में अच्छी पकड़ रखते है। आपकी योग्यता को देखते हुये। आपकी अनुपस्थिति में ही आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज ने आपको चतुर्थ क्रम पर निर्यापक पद पर दिनांक 14-7-2019 को आषाढ़ शुक्ल 13, रविवार वी.नि.सं. 2545 वि.सं. 2076 श्री दिगम्बर जैन सिद्धोदय सिद्ध क्षेत्र नेमावर, तहसील खातेगांव जिला देवास (म.प्र.) में प्रदान किया। आपने संस्कृत तथा हिन्दी में कयी काव्य ग्रंथ का सृजन किया है। तथा अनेक पंचकल्याणक, विधान, वेदी शिलान्यास मंदिर निर्माण हुए है तथा पाठशाला प्रणेता है। **-अविनाश जैन**

## घर में माता-पिता, सास-ससुर ही भगवान हैं, उनके चरण छूने से घर स्वर्ग बन जाता है : आचार्य श्री प्रसन्नसागर जी महाराज



**औरंगाबाद ( विश्व परिवार )।** घर के भगवान माता-पिता हैं। मंदिर में भगवान के चरण छूने से मोक्ष का द्वार खुलता है और घर में माता-पिता, सास-ससुर ही भगवान हैं, उनके चरण छूने से घर स्वर्ग बन जाता है। उक्त उद्गार आगापुरा स्थित श्री 1008 चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में आध्यात्मिक ज्ञान, ध्यान, शिक्षण, संस्कार शिविर में अंतर्मना गुरुदेव 108 प्रसन्नसागरजी महाराज ने व्यक्त किए। पूज्यश्री ने कहा कि जीवन में कोई ऐसा काम मत करना, जिससे तुम्हारे माता- पिता विरोधी हो जाएँ। जिन्होंने तुम्हें जन्म दिया, पाला-पोसा, पढ़ाया-लिखाया, जहाँ तुम आज हो उस योग्य बनाया और तुम अपने क्षणिक स्वार्थ में उनकी भावनाओं पर कुठाराघात करते हो। जीवन में सब कुछ पुण्य से ही मिलता है, इसलिए पुण्य संचय करो।थोडा बहुत शतरंज का आना भी जरूरी है मित्रो कई बार सामने वाला, मोहरे चल रहा होता है, और हम जिन्दगी भर रिश्ते निभाते रह जाते हैं..!

एक सज्जन आये और बोले - आचार्य श्री आप ऐसा आशीर्वाद दें कि मरण सुधर जाये- ? मैं उस व्यक्ति की तलाश में हूँ, जो यह कहे कि -- आचार्य श्री आप ऐसा आशीर्वाद दें कि जिससे जीवन सुधर जाये। मरण को सुधारने की चिन्ता मत करो, क्योंकि वो हमारे आपके हाथ में नहीं है। मौत जब भी आयेगी, वो तुम्हें बेहोश, गाफ़िल, मूर्छित करके ही आयेगी। तुम उस वक्त कुछ भी नहीं कर पाओगे। तन्त्र, मन्त्र, पंडित, ज्योतिषी, वैद्य, डाक्टर, हकीम ये कुछ भी नही कर पायेंगे। इसलिए मैं आप से कह रहा हूँ कि केवल अपनी जिन्दगी के बेश कीमती चन्द लम्हों को सार्थक कर लो, तो जीवन भी संभल जायेगा और मरण भी सुधर जायेगा।


कौन कहता है कि बड़ी गाड़ियों में ही सफर अच्छा होता है। सच्चे रिश्ते अच्छे मित्र और सही दिशा देने वाला गुरू, सदगुरू मिल जाये तो पैदल की जिन्दगी भी बहुत आसान और मजेदार होगी। उपाध्याय मुनि 108 पीयूषसागरजी महाराज ने शिक्षण शिविर में कहा कि रत्नत्रय ही मोक्ष का मार्ग है। आगापुरा स्थित श्री 1008 चन्द्रप्रभु जैन मंदिर में आध्यात्मिक ज्ञान, ध्यान, शिक्षण, संस्कार शिविर को संबोधित करते गुरुदेव 108 प्रसन्नसागरजी महाराज, उपाध्याय मुनि 108 पीयूषसागरजी महाराज, प्रवर्तक मुनि 108 सहजसागरजी महाराज। दर्शन (राइट फेथ), सम्यक ज्ञान (राइट नॉलेज), सम्यक चारित्र (राइट कंडक्ट), धर्म के ऊपर सही श्रद्धा, धर्म का सही ज्ञान, उस पर सही आचरण ही मोक्ष का पथ है। है। उपाध्यायश्री इन इन तीनों के बारे में शिक्षार्थियों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि घर के भगवान माता पिता हैं, मंदिर के भगवान जिनेंद्र देव हैं। उनके नित्य देव दर्शन करो, अभिषेक करो, चरण छुए बिना दर्शन के सम्यक दर्शन नहीं हो सकता। मात्र दर्शन से भी काम नहीं चलेगा। देव दर्शन कुलाचार है तो देव पूजा षट आवश्यक में है और पूजा बिना अभिषेक के नहीं होती। मंदिर में भगवान के चरण छूने से मोक्ष का द्वार खुलता है। घर में माता-पिता, सास ससुर ही भगवान हैं, उनके चरण छूने से घर स्वर्ग बन जाता है। अगर घर को स्वर्ग बनाना है, तो रोज सुबह उठकर उनके पैर छुओ। आपके माता पिता को न आपकी संपत्ति की जरूरत है, न गाड़ी की, आप तो बस सुबह उनके चरण स्पर्श करो, शाम को थोड़ी देर सेवा करो, प्यार से दो शब्द बोल दो, उनके लिए यही बहुत काफी है। आगापुरा जैन मंदिर में शिक्षण शिविर में नैतिकता और कर्तव्य का बोध कराते हुए प्रभावी वक्ता प्रवर्तक मुनि 108 सहजसागरजी महाराज ने कहा कि जिस कुल में तुमने जन्म लिया है, उसकी नाक कभी न कटने पाए, यह तुमको ध्यान रखना है।

**-नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल**

## धर्म कर साधु-संत नहीं बने तो क्या, आपके जीवन का उद्धार तो हो जाएगा : श्री विरागमुनि जी

### भाठागांव के वॉलफोर्ट सिटी में तीन दिवसीय जिनवाणी की वर्षा प्रारंभ

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राजधानीवासियों पर जिनवाणी की वर्षा के क्रम में दीर्घ तपस्वी श्री विरागमुनिजी मंगलवार को भाठागांव के वालफोर्ट सिटी पहुंचे। यहां बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने प्रवचन का लाभ लिया। प्रवचन के दौरान उन्होंने कहा कि यह जीवन हमें आत्मा का कल्याण करने के लिए मिला है। जिनशासन में आपकी एंट्री हो जाए तो आपका कल्याण हो जाएगा। आप बस धर्म करते रहिए और अगर धर्म करते-करते आप श्रावक या साधु नहीं बन पाए तो कम से कम आपके जीवन का उद्धार तो हो ही जाएगा। धर्म के माध्यम आपका जीवन आनंद से भर जाएगा। इसके लिए आप एक कल्याण मित्र बना लीजिए। आज



लोगों को कल्याण मित्र का मतलब ही नहीं समझ रहे है, वे अपने दोस्तों को कल्याण मित्र समझते है जो उनके साथ घुमने जाए, बाहर जाकर खाए-पीये और पिक्चर देखने जाए। जबकि ऐसा नहीं है, वह कल्याण मित्र आपके भाई-बहन हो सकते है, पति-पत्नी भी हो सकते है या माता-पिता भी हो सकते है। कल्याण मित्र वह होते है जो आपको सही को सही और गलत को गलत कहने की हिम्मत रखते है। यह आपको पहचानना होगा कि कौन आपका कल्याण मित्र है। कोई अगर आपके कल्याण के लिए आपको टोके वही सच्चा कल्याण मित्र होगा। अब यह आपके विवेक पर निर्भर करता है कि कोई आपको रोके-टोके तो आपको उसका विरोध करना है कि उसकी बातों पर विचार करना है।

अब आध्यात्म की बात करें तो आध्यात्म यानी आत्मा के हित की चिंतन। आज तक आप लोगों को खुश करने के लिए क्रियाएं करते रहे पर अब आपको अपनी आत्मा का खुश करना है। आप क्रिया तो करते है पर उस वक्त आप आत्मा के हित के बारे मे नहीं सोचते हो। अगर आपने क्रिया करते समय सही और गलत का सोच लिया तो आपकी आत्मा का कल्याण हो जाएगा। आपने शराबियों को देखा होगा, बिना शराब पीये उनके पैर नहीं उठते, यह सब शराब के नशे की वजह से होता है। वैसे ही आपको भी धर्म का प्याला पी जाना है। आपको कहीं अगर स्वार्थ दिखे तो आप किसी के भी सामने झुकने के लिए तैयार हो जाते हो, आपको किसी के छत्रछाया की आवश्यकता नहीं है। आप खुद को पहचानिए और आनंदित होकर काम कीजिए।

### मुमुक्षु नीलेश मेहता को मिलेगा दीक्षा का मुहूर्त

जैन संत श्री विरागमुनि जी मंगलवार को सुबह 5.30 बजे चौबे कॉलोनी से विहार करते हुए भाठागांव स्थित वॉलफोर्ट सिटी पहुंचे। वहीं, बुधवार की सुबह 8 बजे मुमुक्षु नीलेश महेता को दीक्षा का मुहूर्त गुरुवर द्वारा प्रदान किया जाएगा। अतिथियों के लिए प्रवचन के बाद नवकारसी, सुबह और शाम के भोजन की व्यवस्था क्लब हाउस में रहेगी। श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय कांकरिया और कार्यकारी अध्यक्ष अभय कुमार भंसाली ने बताया कि जिनवाणी की वर्षा के क्रम में 03 और 04 जुलाई को वालफोर्ट सिटी में सुबह 8.45 से 9.45 बजे मुनिश्री का प्रवचन होगा। आप सभी से निवेदन है जिनवाणी का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## भगवान की वाणी ध्वनि है जो ओमकार मयी है : आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी




**केशोरायपाटन ( विश्व परिवार )।** परम पूजनीय भारत गौरव गणिनी आर्यिका 105 स्वस्ति भूषण माताजी सानिध्य में अतिशय क्षेत्र पर कल्पद्रुम महामंडल विधान चल रहा है जो बहुत ही भक्ति भाव के साथ हो रहा है।

पूज्य गुरू मां ने मंगलवार की बेला में धर्म सभा को संबोधित करते हुए ओम और ओमकार के विषय में अंतर को समझाया पूज्य माताजी ने बताया कि ओम और ओमकार दोनों में अंतर है! ओम व्यंजन है ओमकार स्वर है! भगवान की वाणी को दिव्य ध्वनि कहते हैं! ध्वनि का अर्थ आवाज और दिव्य का अर्थ अलौकिक! जिसके समान कोई आवाज ना हो हित मित प्रिय हो! जैसे घंटा बजाने से ध्वनि निकलती है शब्द नहीं हुआ स्वर हुआ! ऐसे ही भगवान की वाणी ध्वनि है जो ओमकार मयी है! इस ध्वनि में 11 अंग 14 पूर्व का ज्ञान समाहित है! माताजी ने उदाहरण के माध्यम से समझाया कि जैसे संसद में स्पीकर हिंदी में बोलते हैं और हेडफोन के माध्यम से सभी सांसदों को अपनी अपनी क्षेत्रीय भाषा में समझ में आ जाता है वैसे ही भगवान की ध्वनि खिरती तो ओमकारमयी है लेकिन समवशरण में बैठे प्रत्येक जीव को अपनी अपनी भाषा में समझ आ जाता है! समवशरण-जहाँ पर सभी को समान रूप से शरण मिलती है उसका नाम है समवशरण! वहाँ कोई छोटा नहीं वहाँ कोई बड़ा नहीं!

गाय आये शेर तो उनके लिए स्थान है देव आएं तो उनके लिए स्थान है मनुष्यों के लिए स्थान है! गणित में करण का भव से तरण का और भगवान के समवशरण का बड़ा ही महत्त्व है! भगवान का जो समवशरण है वह पुण्य भूमि पर लगता है! जब तीर्थंकर भगवान का गर्भ कल्याणक होता है तो 6 माह पूर्व से 9 माह बाद तक रत्नो की वर्षा होती है! ऐसे पुण्यशाली भगवान जो अपना सर्वस्व सांसारिक वैभव त्याग कर निज और पर का कल्याण करते हुए मोक्ष को प्राप्त करते हैं! कल्पद्रुम महामंडल विधान का ये भव्य आयोजन चल रहा है निश्चित रूप से आप सभी बड़े पुण्यशाली हैं जो भगवान के समवशरण में बैठकर उनकी पूजन अर्चना करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। चेतन जैन केशवरायपाटन से प्राप्त जानकारी। **-अभिषेक जैन लुहाड़िया**

## बरकत नगर में लगातार 15वें वर्ष भी होगा दिगम्बर जैन संत का चातुर्मास

**मुनि श्री अर्चित सागर जी महाराज को भेंट किया श्रीफल**

### मुनि श्री का चातुर्मासिक मंगल प्रवेश 12 व वर्षायोग स्थापना 21 जुलाई को



**जयपुर ( विश्व परिवार )।** धर्म नगरी जयपुर में इतिहास रचते हुए इस बार दीक्षा गुरु आचार्य विवेक सागर महाराज के शिष्य पूज्य मुनि 108 अर्चित सागर महाराज का वर्षायोग स्थापना समारोह 21 जुलाई को णमोकार भवन बरकत नगर में सम्पन्न होगा।

विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि बरकतनगर में निरन्तर 14 वर्षायोग सम्पन्न करा चुके महापुण्य शाली पुण्यार्जक चक्रेश कुमार जैन परिवार ही इस पन्द्रहवे वर्षायोग के भी पुण्यार्जक होगे।

वर्षायोग समिति के महामंत्री निर्मल कुमार जैन अलवर वालो ने बताया कि समिति ने केकडी जिले के ग्राम सरवाड़ पहुंच कर महाराज श्री को श्री फल समर्पित कर वर्षायोग हेतु निवेदन किया जिसे पूज्य अर्चित सागर महाराज ने स्वीकार करते हुए बरकत नगर जयपुर में वर्षायोग स्थापना की घोषणा की। जिससे समाज में हर्ष की लहर व्याप्त हो गई।

जिला केकड़ी के ग्राम सरवाड़ में बरकत नगर समाज की ओर से पुन: श्रीफल समर्पित करने पहुंचे अध्यक्ष चक्रेश कुमार जैन, मंत्री निर्मल कुमार जैन, कोषाध्यक्ष सतीश जैन, मुकेश जैन, योगेन्द्र जैन . महावीर कुमार जैन, त्रिलोक जैन महिला मंडल संरक्षक सरला जैन, वर्तमान अध्यक्ष मैना कासलीवाल, अशोक माथुर, नेमी चन्द शर्मा, रोशल लाल सेनी, राम अवतार शर्मा, सतीश जैन अकेला आदि प्रमुख थे। पूज्य श्री का 3 जुलाई को सरवाड से जयपुर के लिए मंगल विहार प्रारम्भ होगा। शुक्रवार 12 जुलाई को बरकत नगर के णमोकार भवन में मंगल प्रवेश होगा।

अध्यक्ष चक्रेश जैन ने बताया कि बरकतनगर में 15 वें वर्षायोग की स्थापना रविवार, 21 जुलाई को घूमधाम से हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न कराई जाएगी।

**-विनोद जैन कोटखावदा**

## जैन बारादरी गुरुग्राम में सम्पन्न हुई श्री आदिनाथ दिव्यार्चना, झूम उठे भक्त



**गुरुग्राम ( विश्व परिवार )।** आचार्य श्री विमर्शसागर जी महामुनिराज के सुमधुर कण्ठ से की गई दिव्यार्चना में झूम उठे भक्त। 02.07.2024 गुरुग्राम विश्वभर के भाषा विज्ञानियों एवं लिपि विशेषज्ञों को आश्चर्य में डालने वाली विमर्श एम्बिसा जो पूर्णत: मौलिक नवीन भाषा है एवं मौलिक नवीन लिपि-विमर्श लिपि के सृजेता परम पूज्य जिनागम पंथ प्रवर्तक भावलिंगी सते श्रमणाचार्य श्री. श्री 108 विमर्श सागर जी महामुनिराज हरियाणा प्रान्त गुरुग्राम महानगर के 1008 श्री पार्श्वनाथ जिनालय में विराजमान हैं। आचार्य गुरुवर की वात्सल्यमयी मधुर मुस्कान भक्त समुदाय को अनायास ही अपनी ओर खींच लाती है। अत: गुरुदेव के दर्शनार्य भक्तों का तांता निरंतर लगा ही रहता है। 02 जुलाई मंगलवार की प्रात: बेला में जैन बारादरी प्रांगण में पूज्य आचार्य श्री एवं ससंघ के सानिध्य में प्रथम तीर्थकर भगवान आदिनाथ स्वामी की महा- दिव्यार्चना श्री भक्तामर विधान के माध्यम से की गई। अतिशयकारी श्री भक्तामर विधान को पूज्य आचार्य श्री ने स्व- रचित श्री भक्तामर जी पद्यानुवाद को अपने सुमधुर कण्ठ से उच्चरित करते हुए उपस्थित भक्त समूह को भक्ति की डोर से बाँध दिया। आराधना में भक्तों के मन मयूर के साथ उनके हाथ-पाँव व वदन भी भक्ति में थिरकने लगे। जन-जन के मुख से एक ही आवाज निकल रही थी- ऐसी भक्तिमय दिव्यार्चना आज से पहले हमने कभी नहीं की। श्री आदिनाय दिव्यार्चना के मध्य आचार्यश्री उपस्थित धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए कहा-भक्ति के फल अचिन्त्य, अद्भुत एवं अभूतपूर्व हुआ करते हैं। आज भी आपकी भक्ति सच्ची हो तो वे ही फल प्राप्त हुआ करते हैं जो प्राचीन काल में भक्ति करने वाले महानुभावों को प्राप्त होते थे। भगवान के अतिशयों में कहीं कमी नहीं है, यदि कमी आई है तो आपकी ही भक्ति-भावना में ही कमी आई है। भक्ति मानव जीवन का सबसे सुन्दर आभूषण है। जिनेन्द्र भगवान का भक्त ही लोक में सर्वत्र सुंदर होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### विभिन्न दुकानों, होटलों एवं उद्योगों में टास्कफोर्स टीम ने किया निरीक्षण

**सुकमा(विश्व परिवार)।** बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के निर्देश एवं कलेक्टर श्री हरिस.एस के मार्गदर्शन में जिले में बाल और किशोर श्रम उन्मूलन की दिशा में बचाव अभियान ''बाल अधिकार और भलाई'' की थीम पर 12 जून से 30 जून 2024 तक चलाया गया। बाल कल्याण समिति के सदस्य श्री कसीमुद्दीन खान, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुश्री विस्मिता पाटले, श्रम पदाधिकारी श्रीमती सुनीता जोशी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री जितेन्द्र सिंह बघेल की संयुक्त टास्कफोर्स टीम ने अभियान चलया गया। जिला सुकमा में गठित श्रम विभाग, पुलिस विभाग, चाईल्ड लाईन, 1098 एवं जिला बाल संरक्षण इकाई सुकमा की टास्कफोर्स टीम के माध्यम से निर्माण कार्यों, दुकानों, होटल, ढाबा, वर्कशाप, आटोपार्ट्स, गैरेज इत्यादि में निरीक्षण कर बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। श्रम निरीक्षक श्री सदानंद नाग ने बताया कि निरीक्षण के दौरान टीम को संस्थानो में कोई भी बाल श्रमिक नियोजित नहीं पाये गए।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग से एक वर्ष तक किया अनाचार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कटघोरा थाना क्षेत्र से 2023 में एक नाबालिग पीड़िता के गुमशुदा की शिकायत लड़की के परिजनों ने कटघोरा थाना में कराई थी। कटघोरा पुलिस गुमशुदा की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध कर नाबालिग पीड़िता की पतासाजी में जुट गई थी। जिला पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने मामले में जांच तेज की और मुखबिर की सूचना पर कोमल यादव पिता शंकर यादव उम्र 23 वर्ष निवासी पुछापारा कटघोरा से पूछताछ की तो नाबालिग पीड़िता का उसके पास होना पाया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 376, आईपीसी पाक्सो एक्ट के तहत आरोपी कोमल यादव को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है तथा पीड़िता को परिजनों को सुपुर्द किया। इस गिरफ्तारी में कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी, एसआई राजेन्द्र प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक दीपक कश्यप, आरक्षक अजय खुटले, आरक्षक महेंद्र चन्द्रा, आरक्षक मनीष साहू का अहम योगदान रहा।

### अवैध शराब निर्माण एवं विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई

**महासमुंद(विश्व परिवार)।** आबकारी राजस्व सुरक्षा तथा आबकारी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु कलेक्टर श्री प्रभात मलिक के निर्देशन में आबकारी विभाग महासमुंद द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई जारी है। इसी तारतम्य में शनिवार को मुखबीर सूचना के आधार पर आबकारी टीम बागबाहरा द्वारा भुसडी घाट, साल्हेभाठा पहुँच कर छापामार कार्रवाई करते हुए होमेश डडसेना निवासी ग्राम परकोट थाना जोंक के आधिपत्य से एक प्लास्टिक बोरी में जेब्रा छाप के 51 पाउच और हिरन छाप के 71 पाउच कुल 122 पाउच कुल 24.40 लीटर उड़ीसा राज्य निर्मित महुआ शराब, कीमत 4880 रुपए बरामद कर जप्त किया गया तथा आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क, 34 (2), 36, 59 (क) के तहत गैर जमानतीय प्रकरण कायम कर आरोपी को जेल दाखिल कराया गया। उपरोक्त कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी दीपक कुमार ठाकुर, आबकारी उप निरीक्षक शिव शंकर नेताम तथा आबकारी उप निरीक्षक वृत्त बागबाहरा विकास बढेंद्र के नेतृत्व में की गयी जिसमें आबकारी स्टॉफ महासमुंद का विशेष योगदान रहा।

### स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.मीना जैन ने जिला अस्पताल को सोनोग्राफी मशीन की भेंट

**धमतरी(विश्व परिवार)।** डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में धमतरी शहर की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.मीना एस. जैन ने आज जिला अस्पताल को सोनोग्राफी मशीन भेंट की। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने डॉ. जैन की सराहनीय कार्य का सम्मान करते हुए उन्हें आभार प्रमाण पत्र प्रदाय किया। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री गांधी ने डॉक्टर्स डे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिले के प्रबुद्धजनों के ही कारण सामाजिक कार्यों को बढ़ावा मिल रहा है। आपके द्वारा किए गए इस प्रयास से जिलेवासियों को और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैय्या हो सकेगी। इसके लिए जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से हार्दिक आभार। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.उत्तम कौशिक, डीपीएम डॉ.प्रिया कंवर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# शासन की योजनाओं का त्वरित गति से करें क्रियान्वयन: कलेक्टर

## बच्चों का वजन त्यौहार भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए



**कोंडागांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर दुदावत ने शासन की योजनाओं को त्वरित गति से क्रियान्वित करते हुए आम लोगों को लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। सोमवार को जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में जिले में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि शासन की ओर से आंगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय निर्माण के लिए उपलब्ध कराए 53 लाख 76 हजार रुपए तथा पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 1 करोड़ 11 लाख 7 हजार रुपए उपलब्ध कराए गए हैं। इस राशि से आंगनबाड़ी केन्द्रों में त्वरित गति से सुविधाएं पहुंचाने के निर्देश उन्होंने दिए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से संचालित योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के साथ ही फोटोग्राफी के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों का वजन त्यौहार भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण एक सप्ताह में सुनिश्चित करने के साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड बनाने का कार्य भी पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों के ई-केवायसी के कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को अवैध प्लाटिंग पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग की और से लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत उपलब्ध कराई जाने वाली सभी सेवाएं जैसे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, भू-व्यपवर्तन आदि को निर्धारित समय-सीमा के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही भूमि अधिग्रहण एवं व्यपर्तन के प्रकरणों का निराकरण भी तेजी से करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस अवसर पर मिशन जल शक्ति तथा जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित कार्यों के प्रगति की समीक्षा की और जल जीवन मिशन के तहत टंकियों में शीघ्र जल भराव के लिए उच्च क्षमता के मोटर पंपों का उपयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिक व्यास वाले गहरे नलकूप खनन के निर्देश भी इस अवसर पर दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों के लिए आवश्यक विद्युत की आपूर्ति हेतु विद्युत कनेक्शन के आवेदन पर तत्परतापूर्वक कार्य करने के निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से प्रतिदिन 8 हजार लोगों की मधमेह जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं उच्च रक्तचाप की जांच में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने 3 जुलाई को बड़े राजपुर में दिव्यांग शिविर के आयोजन हेतु आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने इस दौरान जनसमस्या निवारण शिविरों में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में केशकाल वन मंडलाधिकारी एन गुरुनाथन, कोंडागांव आरके जांगड़े, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी नवीन कुमार सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# जिले के सबसे बड़े शहर रामानुजगंज को नगर पालिका बनाने की मांग जोर-जोर से उठी

### आजादी से पहले नगर पालिका था गठित

**बलरामपुर(विश्व परिवार)।** रामानुजगंज छत्तीसगढ़ के सबसे पुराने नगर पंचायत में चौथे स्थान रखने वाले एवं बलरामपुर रामानुजगंज जिले का सबसे बड़े शहर रामनुजगंज जिसकी आबादी 25 हजार के करीब है। रामानुजगंज 52 वर्षों तक नगर पालिका रहा एक बार फिर से रामानुजगंज को नगर पालिका बनाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। जनप्रतिनिधि सहित आम नागरिक भी अब नगर के विकास के लिए नगर पालिका बनाने की मांग जोर-शोर से कर रहे हैं। गौरतलब है कि 1993 में नगर पालिका रामानुजगंज को डिमोशन कर नगर पंचायत बना दिया गया था। जिसके बाद से आज तक यह नगर पंचायत है। छत्तीसगढ़ का निर्माण होने के बाद बलरामपुर रामानुजगंज जिला का गठन हुआ वही रामानुजगंज अभी भी नगर पंचायत ही है जिस कारण से विकास कार्य यहां धीमी रफ्तार से चल रहे है। रामानुजगंज का एक दशक में क्षेत्रफल काफी बढ़ गया है रिंग रोड बनने से रामानुजगंज का 7 किलोमीटर में विस्तार हुआ तेजी से वार्डों में जनसंख्या बड़ी वर्तमान में रामानुजगंज की आबादी 25 हजार के करीब है। नगर पंचायत के सीमित संख्या में कर्मचारी एवं सफाई कर्मियों के कारण परेशानी हो रही है ऐसे में अब पूरे नगर की ओर से इसे नगरपालिका बनाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। बलरामपुर रामानुजगंज छत्तीसगढ़ के सबसे पुराने नगर पंचायत में चौथे स्थान रखने वाले एवं बलरामपुर रामानुजगंज जिले का सबसे बड़े शहर रामनुजगंज जिसकी आबादी 25 हजार के करीब है। रामानुजगंज 52 वर्षों तक नगर पालिका रहा एक बार फिर से रामानुजगंज को नगर पालिका बनाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। जनप्रतिनिधि सहित आम नागरिक भी अब नगर के विकास के लिए नगर पालिका बनाने की मांग जोर-शोर से कर रहे हैं। गौरतलब है कि 1993 में नगर पालिका रामानुजगंज को डिमोशन कर नगर पंचायत बना दिया गया था। जिसके बाद से आज तक यह नगर पंचायत है। छत्तीसगढ़ का निर्माण होने के बाद बलरामपुर रामानुजगंज जिला का गठन हुआ वही रामानुजगंज अभी भी नगर पंचायत ही है जिस कारण से विकास कार्य यहां धीमी रफ्तार से चल रहे है। रामानुजगंज का एक दशक में क्षेत्रफल काफी बढ़ गया है रिंग रोड बनने से रामानुजगंज का 7 किलोमीटर में विस्तार हुआ तेजी से वार्डों में जनसंख्या बड़ी वर्तमान में रामानुजगंज की आबादी 25 हजार के करीब है। नगर पंचायत के सीमित संख्या में कर्मचारी एवं सफाई कर्मियों के कारण परेशानी हो रही है ऐसे में अब पूरे नगर की ओर से इसे नगरपालिका बनाने की मांग जोर पकड़ने लगी है।

# जनदर्शन में समस्या, शिकायत और मांग संबंधी कुल 123 आवेदन मिले

### कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने जनदर्शन में सुनीं लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें

**धमतरी(विश्व परिवार)।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी मांग, समस्या, शिकयत गंभीरतापूर्वक सुनी। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर सुश्री गांधी ने प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को जनदर्शन में शासन की योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करने के भी निर्देश दिए। आज जनदर्शन में बच्चों को स्कूल में पुनः भर्ती कराने, सरकारी जमीन पर कब्जा, रामलला दर्शन भेजने, प्रधानमंत्री आवास की मजदूरी दिलाने, प्रदूषण पर रोक लगाने, विद्युत विभाग के कर्मियों को काम से निकालने, अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने, दिव्यांग पेंशन, खेत में गंदा पानी बहने, बरसाती पानी को रोकने से होने वाली दिक्कत का निराकरण करने, जाति प्रमाण पत्र बनाने, सामुदायिक भवन बनाने, राशनकार्ड बनाने इत्यादि संबंधी कुल 123 आवेदन प्राप्त हुए।

# समाज को व्यवस्थित रखने पारदर्शी-जवाबदेही कानून जरूरी - कलेक्टर हरिस.एस

**सुकमा(विश्व परिवार)।** भारत का तीन नया कानून क्रमश: भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 आज 1 जुलाई से लागू हो रहा है। जिला पुलिस-प्रशासन के सौजन्य से थाना परिसर सुकमा में आयोजित नवीन कानून शुभारंभ उत्सव में जनप्रतिनिधि, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, गणमान्य नागरिक, मीडिया सहित सभी वर्ग के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में नए कानून के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री हरिस.एस ने कहा कि समाज को व्यवस्थित रखने के लिए पारदर्शी और जवाबदेही कानून जरूरी है। इसका उद्देश्य त्वरित न्याय दिलाना है। उन्होंने कहा कि पुराने कानून में संशोधन कर नई धाराएं जोड़ी गई हैं तथा धाराओं का समायोजन किया गया है, इससे लोगों को त्वरित रूप से न्याय मिलेगा। उन्होंने संशोधित कानून के बारे में लोगों को जागरूक करने कहा। पुलिस अधीक्षक श्री किरण गंगाराम चव्हाण ने कहा कि नए कानून में एकरूपता, समानता संवेदनशीलता और गोपनीयता को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। उन्होंने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि नया कानून लागू होने से हम दंड से न्याय की ओर जा रहे हैं। उन्होंने नए कानून में बदलाव हुए विभिन्न प्रावधानों, धाराओं, संगठित अपराधों, चोरी, हत्या साइबर क्राइम, न्याय प्रक्रिया के लिए समय सीमा का निर्धारण, साक्ष्य सुरक्षा के प्रावधानों आदि की जानकारी दी।

# विधायक विक्रम मंडावी की संवेदनशील पहल, क्षेत्र वासियों के समस्या के समाधान के लिए लगाया जनदर्शन

### हर सोमवार को जनता से करेंगे भेंट मुलाकात

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** बस्तर संभाग के बीजापुर विधानसभा क्षेत्र के गांवों और ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए विधायक विक्रम मंडावी भी जनदर्शन आयोजित कर रहे हैं। विधायक श्री मंडावी ने बताया कि जनदर्शन प्रत्येक सोमवार को सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक विधायक कार्यालय में चलेगा। जनदर्शन में बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी अपने निर्वाचन क्षेत्र के ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों से भेंट मुलाकात कर उनकी समस्याओं से रूबरू होंगे, गांवों और ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण की ठोस पहल करेंगे। जनदर्शन में जन सरोकार की बातें होंगी। बस्तर संभाग के अति नक्सल प्रभावित बीजापुर क्षेत्र में जन दर्शन का आयोजन निसंदेह मील का पत्थर साबित होगा। विधायक विक्रम मंडावी ने ऐसा कदम उठाकर बड़ी ही संवेदनशीलता दिखाई है। ऐसे ही सदप्रयासों से जनता का दिल और भरोसा जीता जाता है। बस्तर संभाग में संभवत: पहली बार किसी विधायक ने ?सी शानदार पहल की है। विधायक विक्रम मंडावी की इस पहल से क्षेत्र के ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी और जन सुविधाएं तेजी से गांवों तक पहुंच पाएंगी। विधायक विक्रम मंडावी जमीन और जनता से जुड़ाव रखने वाले नेता माने जाते हैं। वे अपने क्षेत्र की जनता के सतत संपर्क में रहते हैं। किसी कार्यक्रम का आयोजन न हो तब भी वे गांवों में जाते हैं, लोगों का दुख दर्द सुनते हैं और यथा संभव निराकरण की पहल भी करते हैं। अपने पिछले पंच वर्षीय कार्यकाल में विधायक विक्रम मंडावी ने जनहित के बहुत सारे कार्य किए हैं। यही वजह है कि बीते विधानसभा चुनाव में बीजापुर की जनता ने उन्हें फिर से प्रतिनिधित्व सौंपा है। विधायक विक्रम मंडावी कहते हैं कि क्षेत्र के ग्रामीण ही मेरे परिवारजन हैं। उनके हर दुख दर्द में सहभागी बनना मेरा कर्तव्य है।

# बच्चों में दस्त के रोकथाम के लिए स्टॉप डायरिया कार्यक्रम किया जा रहा संचालित, कलेक्टर ने की समीक्षा



**कोंडागांव(विश्व परिवार)।** बच्चों में दस्त के रोकथाम के लिए स्टॉप डायरिया कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने सोमवार को जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में इस कार्यक्रम की समीक्षा की। उल्लेखनीय है कि बच्चों में दस्त की समस्या से निपटने और शून्य बाल मृत्यु दर के लिए प्रयास करने के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग ने अपने लंबे समय से चल रहे गहन दस्त नियंत्रण पखवाड़े को स्टॉप डायरिया अभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है। 2014 में शुरू हुई यह पहल रोकथाम, सुरक्षा और उपचार रणनीति को बढ़ाने और ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन और जिंक के उपयोग को बढ़ाने पर केंद्रित है। अभियान का 2024 का नारा, डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान रोकथाम, स्वच्छता और उचित उपचार के महत्व पर प्रकाश डालता है। स्टॉप डायरिया अभियान दो चरणों में लागू किया जाएगा। 14 से 30 जून 2024 तक प्रारंभिक चरण और 1 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक अभियान चरण। इस अवधि के दौरान प्रमुख गतिविधियों में आशा कार्यकर्ताओं द्वारा पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों वाले घरों में ओआरएस और जिंक सह-पैकेजों का वितरण, स्वास्थ्य सुविधाओं और आंगनवाड़ी केंद्रों पर ओआरएस-जिंक कॉर्नर स्थापित करना और प्रभावी डायरिया प्रबंधन के लिए वकालत और जागरूकता प्रयासों को तेज करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, अभियान व्यापक देखभाल और रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए डायरिया मामले के प्रबंधन के लिए सेवा प्रावधान को मजबूत करेगा। डायरिया रोको अभियान के तहत स्वास्थ्य अवसंरचना को सुदृढ़ बनाना, स्वास्थ्य सुविधाओं का उचित रखरखाव और उपयोग तथा आवश्यक चिकित्सा आपूर्तियों (ओआरएस, जिंक) की उपलब्धता सुनिश्चित करना शामिल है। स्वच्छ जल और स्वच्छता तक पहुंच में सुधार, सुरक्षित पेयजल और बेहतर स्वच्छता प्रदान करने के लिए कठोर गुणवत्ता नियंत्रण उपायों और टिकाऊ प्रथाओं को लागू करना भी शामिल है। इसके माध्यम से पोषण कार्यक्रमों को बढ़ाना, बेहतर पोषण पहल के माध्यम से कुपोषण, जो दस्त संबंधी बीमारियों का प्रमुख कारण है का समाधान करना है।

## व्यापार समाचार

### भारत ने नेट जीरो लक्ष्य की ओर बढ़ाया कदम, नीति आयोग ने शुरू किया ट्रांजिशन योजना बनाने का काम

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** भारत के 2070 तक 'नेट जीरो' अर्थव्यवस्था बनने की घोषणा के तीन साल बाद इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए नीति बनाने का काम शुरू हो गया है। नीति आयोग ने भारतीय अर्थव्यवस्था को जीरो-कार्बन लक्ष्य हासिल करने में मदद करने के लिए ट्रांजिशन योजना तैयार करने हेतु विशेष रूप से विभिन्न क्षेत्रों की समितियों का गठन किया है। नीति आयोग ने इस साल अप्रैल में कार्यालय ज्ञापन में कहा था, 'यूएनएफसीसीसी में जलवायु परिवर्तन पर भारत की प्रतिबद्धता, विकास की जरूरतों और 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने को ध्यान में रखते हुए ये कार्यसमूह गठित किए हैं। इस कार्यसमूह का उद्देश्य चुनौतियों की पहचान करना, विकास की राह तैयार करना और जलवायु परिवर्तन के विभिन्न पहलुओं पर नीतिगत कार्रवाई का सुझाव देना है।' इस ज्ञापन का शीर्षक है- नेट जीरो पर राष्ट्रीय संकल्प को पूरा करने के लिए मार्ग विकसित करने और इसे प्राप्त करने के लिए रणनीतियों एवं हस्तक्षेपों का प्रस्ताव करने के लिए अंतर मंत्रालय कार्यसमूह का गठन। इन कार्यसमूह में वर्तमान और पूर्व सरकारी अधिकारियों, क्षेत्र के नियामकों, फाइनैंसरों, विशेषज्ञों, शिक्षाविद, उद्योग के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। वर्ष 2021 में भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल हुआ था जिन्होंने नेट कार्बन जीरो अर्थव्यवस्था बनने के लिए लक्ष्य वर्ष निर्धारित किया है। ब्रिटेन के ग्लासगो में आयोजित कॉप26 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के लिए पांच आयामी 'पंचमित्र' जलवायु कार्रवाई का लक्ष्य दिया था और अमेरिका, ब्रिटेन तथा चीन की तर्ज पर 2070 तक नेट जीरो लक्ष्य हासिल करने की प्रतिबद्धता जताई थी। उस समय प्रधानमंत्री ने जिन पांच लक्ष्यों का जिक्र किया था उनमें 500 गीगावाट का गैर-जीवाश्म क्षमता विकसित करना और 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से 50 फीसदी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना, कार्बन उत्सर्जन को 1 अरब टन तक घटना और कुल कार्बन इन्वेंट्री में 45 फीसदी तक कमी लाना शामिल है। 'पंचमित्र' के चार अन्य लक्ष्य मूर्त हैं और उनमें उल्लेखनीय प्रगति देखी गई है। यह पहला मौका है जब नेट जीरो लक्ष्य की दिशा में नीति के स्तर पर हस्तक्षेप शुरू किया गया है। नीति आयोग ने 6 कार्यसमूहों का गठन किया है जो नीति प्रारूप, कामकाज के तरीकों और बुनियादी क्षेत्रों के लिए इसे अपनाने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने में वृहद आर्थिक प्रभाव, जलवायु फानैंस, महत्त्वपूर्ण खनिजों ङ्क शोध एवं विकास और घरेलू विनिर्माण तथा आपूर्ति श्रृंखला, ऊर्जा ट्रांजिशन के सामाजिक पहलुओं, नीति सारांश और परिवहन, उद्योग, इमारतों, बिजली तथा कृषि के लिए 6 क्षेत्रीय कार्यसमूह गठित किए गए हैं।

### सोना तेज शुरुआत के बाद फिसला, चांदी भी नरम

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। हालांकि बाद में इसके भाव में गिरावट देखी जाने लगी। चांदी के वायदा भाव गिरावट के साथ ही खुले। सोने के वायदा भाव 71,550 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 87,000 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने व चांदी के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रैक्ट आज 24 रुपये की तेजी के साथ 71,606 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 50 रुपये की गिरावट के साथ 71,532 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 71,612 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 71,532 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस साल 74,442 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत आज सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रैक्ट आज 187 रुपये की गिरावट के साथ 86,980 रुपये पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 167 रुपये की गिरावट के साथ 87,000 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 87,068 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 86,906 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। इस साल चांदी के वायदा भाव ने 96,493 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।

### सपाट खुले भारतीय शेयर बाजार; सेंसेक्स 79 हजार, निफ्टी 24,000 के पार

**मुंबई( एजेंसी )।** भारतीय बेंचमार्क इंडेक्स सोमवार सुबह सपाट नोट पर खुले, निफ्टी 50 इंडेक्स 0.04 फीसदी की मामूली बढ़त के साथ 24,019 पर था, जबकि 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 44 अंक बढ़कर 79,077 के स्तर पर खुला। सेंसेक्स पर मारुति (एमएसआईएल), जेएसडब्ल्यू स्टील, भारती एयरटेल, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, नेस्ले इंडिया और महिंद्रा एंड महिंद्रा मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं, जबकि कोटक बैंक, एशियन पेंट्स, टाइटन, पावरग्रिड और एनटीपीसी टॉप लूजर रहे। निफ्टी 50 पर बजाज ऑटो और हीरो मोटोकॉर्प टॉप पांच गेनर्स में से थे, जबकि अपोलो हॉस्पिटल, 'एंड टी और एचडीएफसी लाइफ सहित अन्य नुकसान में रहे। पिछले सप्ताह के निराशाजनक परफॉर्मेंस के बाद, मिले जुले वैश्विक संकेतों को देखते हुए भारतीय शेयर बाजार सोमवार को नरम रुख के साथ खुलने की उम्मीद भी थी। ऐसा इसलिए था क्योंकि गिफ्ट निफ्टी फ्यूचर्स ने भी नरम शुरुआत का संकेत दिए, जो निफ्टी 50 फ्यूचर्स से सिर्फ 3 अंक ऊपर 24,135 के स्तर पर थे। एशिया-पेसिफिक बाजारों ने सोमवार सुबह डाइवर्सीफाइड परफॉर्मेंस दर्ज किया क्योंकि निवेशकों ने चीन के आधिकारिक जून ट्रेड एक्टिविटी डेटा और जापान के बिजनेस कॉन्फिडेंस रीडिंग का वैल्यूएशन किया। जापान का निक्केई 225 0.42 प्रतिशत चढ़ा, जबकि व्यापक टॉपिक्स इंडेक्स 0.52 प्रतिशत बढ़ा। इसके विपरीत, साउथ कोरिया का कोस्पी 0.27 प्रतिशत नीचे आया, हालांकि कोस्डैक, जो स्मॉल-कैप शेयरों पर फोकस करता है, 0.79 प्रतिशत बढ़ा। ऑस्ट्रेलिया के एसएंडपी /एएसएक्स 200 में 0.49 फीसदी की गिरावट आई। इस बीच, हांगकांग के बाजार सोमवार को सार्वजनिक अवकाश के कारण बंद रहे। शुक्रवार को अमेरिका में एसएंडपी 500 में 0.41 फीसदी की गिरावट आई, जबकि नैस्डैक कंपोजिट में 0.71 फीसदी की गिरावट आई।

# द्रविड़ के उत्तराधिकारी की घोषणा जल्द, जिम्बाब्वे दौरे पर वीवीएस होंगे कोच: बीसीसीआई



**ब्रिजटाउन( एजेंसी )।** टी20 विश्व चैंपियन बनने के बाद टीम इंडिया बदलाव के दौर से गुजरेगी। बीसीसीआई ने बताया है कि भारतीय टीम का नया कोच और टी20 में नया कप्तान कौन होगा, इसका ऐलान जल्द किया जाएगा। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने सोमवार को कहा कि क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने पुरुष टीम के मुख्य कोच की भूमिका के लिए दो नामों को शॉर्टलिस्ट किया है। बता दें, टी20 विश्व कप 2024 खत्म होने के साथ ही टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का भी कार्यकाल खत्म हो चुका है। मेगा-इवेंट के बाद अब भारतीय क्रिकेट टीम इस महीने के अंत में श्रीलंका में शुरू होने वाली आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए एक नए मुख्य कोच का स्वागत करने के लिए तैयार है। पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर और पूर्व भारतीय महिला कोच डब्ल्यू.वी. रमन इस भूमिका के लिए प्रबल दावेदार हैं। शाह इस समय कैरेबियाई देशों में भारत की टी20 विश्व कप जीत का जश्न मना रहे हैं और टीम के साथ बारबाडोस में तूफान के कारण फंसे हुए हैं। जय शाह ने बताया कि नया कोच 27 जुलाई से टीम के साथ श्रीलंका के खिलाफ सीरीज से अपने कार्यकाल की शुरुआत करेगा। वहीं जिम्बाब्वे दौरे पर वीवीएस लक्ष्मण टीम के कोच होंगे। टी20 विश्व कप में भारत की जीत ने आईसीसी खिताबों के 11 साल के सूखे को समाप्त कर दिया, एक ऐसी उपलब्धि जिसका श्रेय रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों के अनुभव और समर्पण को जाता है। दोनों दिग्गजों ने ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा के साथ विश्व कप जीत के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से संन्यास की घोषणा की। शाह ने कहा, पिछले साल और यहां बारबाडोस में भी हमारे पास वही कप्तान थे। हमने इस बार खिताब जीतने के लिए कड़ी मेहनत की और बेहतर खेला। विश्व कप में अनुभव का बहुत महत्व होता है और हमारे सीनियर खिलाड़ियों ने तब बेहतरीन प्रदर्शन किया जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। रोहित, कोहली और जडेजा के संन्यास के साथ, भारत एक नए युग की दहलीज पर खड़ा है। शाह बदलाव को लेकर आश्वस्त हैं, उन्होंने भारत की बेंच की ताकत और गहराई पर बात की। उन्होंने कहा, तीन महान खिलाड़ियों के संन्यास लेने के साथ बदलाव पहले ही हो चुका है।

## मजबूत मांग से जून में बढ़ी भारत की मैन्युफैक्चरिंग ग्रोथ, तेज रफ्तार से रोजगार में हुआ इजाफा

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** मई महीने की गिरावट से उबरने के बाद जून में एक बार फिर भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में बढ़ोतरी देखने को मिली। आज यानी 1 जुलाई को एचएसबीसी द्वारा जारी पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स आंकड़ा मई के 57.5 से बढ़कर जून में 58.3 हो गया। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में यह सुधार उत्साहजनक मांग के कारण हुआ, जिससे नए ऑर्डर, प्रोडक्शन और खरीद में इजाफा हुआ। इसके अलावा, 19 से ज्यादा सालों के डेटा कलेक्शन में कंपनियों में सबसे तेज दर से रोजगार में इजाफा दखने को मिला। इस बीच, लागत दबाव मई से कम हो गया था, लेकिन फिर भी पिछले दो वर्षों में सबसे अधिक था, जिसके कारण कंपनियों ने मई 2022 के बाद से बिक्री कीमतों को उच्च स्तर तक बढ़ाया। एचएसबीसी के सर्वेक्षण में कहा गया, 'भारतीय मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में वृद्धि ने मई में खोई हुई स्थिति वापस पा ली है, हेडलाइन पीएमआई अपने लॉन्ग रन एवरेज से लगभग पांच अंक ऊपर है। जून के आंकड़ों से पता चला है कि मजबूत मांग की स्थिति ने नए ऑर्डर, आउटपुट और खरीदारी के स्तर में विस्तार को बढ़ावा दिया है।' इंडेक्स में 50 से ऊपर का आंकड़ा विस्तार को दर्शाता है और नीचे का आंकड़ा संकुचन को दर्शाता है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि उपभोक्ता वस्तु उद्योग का प्रदर्शन विशेष रूप से मजबूत था, हालांकि इंटरमीडिएट और इन्वेस्टमेंट गुड्स कैटेगरी में भी पर्याप्त वृद्धि देखी गई। सर्वेक्षण में कहा गया है, 'जून में भारत में मैन्युफैक्चरर्स की बिक्री में मजबूत वृद्धि देखी गई। मजबूत अंडरलाइंग डिमांड, हाई एक्सपोर्ट वॉल्यूम और सफल एडवर्टाइजिंग ने ग्रोथ को गति दी। नए ऑर्डर में जारी वृद्धि की वजह से कंपनियों ने भर्ती बढ़ा दी।' एचएसबीसी की वैश्विक अर्थशास्त्री मैत्रेयी दास ने कहा कि भारतीय मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर ने जून तिमाही को मजबूत आधार पर समाप्त किया, जिसे नए ऑर्डर और आउटपुट में बढ़ोतरी से समर्थन मिला और कंपनियों ने सबसे तेज गति से अपनी नियुक्तियां बढ़ाईं।

## टाटा ग्रुप की एयर इंडिया अमरावती में बनाएगी साउथ एशिया का सबसे बड़ा उड़ान संस्थान

**180 कमर्शियल पायलटों को दी जाएगी ट्रेनिंग**



**नईदिल्ली( एजेंसी )।** टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने महाराष्ट्र के अमरावती में एक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने की सोमवार को घोषणा की। इस कदम का लक्ष्य सालाना 180 कमर्शियल पायलट को प्रशिक्षित करना है। एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि बेलोरा हवाई अड्डे पर नागर विमानन महानिदेशालय लाइसेंस प्राप्त उड़ान प्रशिक्षण संगठन (एफटीओ) दक्षिण एशिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा संस्थान होगा। यह अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में तैयार हो जाएगा। एयरलाइन के अनुसार, यह आगामी सुविधा देश में किसी भी भारतीय एयरलाइन द्वारा स्थापित की जाने वाली पहली सुविधा होगी। इसमें प्रशिक्षण के लिए 31 सिंगल इंजन वाले विमान और तीन दोहरे इंजन वाले विमान होंगे। एयर इंडिया ने कहा कि उसे महाराष्ट्र हवाई अड्डा विकास कंपनी से 30 वर्षों के लिए इस सुविधा की स्थापना और संचालन के लिए निविदा मिली है। एयर इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैम्पबेल विल्सन ने कहा, 'अमरावती में एफटीओ भारतीय विमानन को और अधिक आत्मनिर्भर बनाने तथा भारत में युवाओं को पायलट के रूप में उड़ान भरने की उनकी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अधिक अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।' उन्होंने कहा, 'इस एफटीओ में प्रशिक्षित युवा पायलट एयर इंडिया की विश्व स्तरीय एयरलाइन बनने की महत्वाकांक्षा को बढ़ावा देंगे..।'

## रिकॉर्ड हाई के बाद थोड़ा लो हुआ यूपीआई ट्रांजैक्शन जून में घटकर 20 .07 लाख करोड़ पर पहुंचा




**नईदिल्ली( एजेंसी )।** मई में 1,404 करोड़ ट्रांजैक्शन्स के रिकॉर्ड हाई लेवल को छूने के बाद, जून में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) लेनदेन में मामूली गिरावट देखी गई। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, जून 2024 में यूपीआई वॉल्यूम 1,389 करोड़ हो गया। इस दौरान 20.07 लाख करोड़ रुपये के ट्रांजैक्शन देखने को मिले। यह मई की तुलना में वॉल्यूम में 1 फीसदी और वैल्यू में 2 फीसदी की गिरावट थी। हालांकि, जून 2023 के मुकाबले, यूपीआई वॉल्यूम में 49 फीसदी और वैल्यू में 36 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। अप्रैल 2016 में यूपीआई के शुरू होने के बाद मई 2024 में वॉल्यूम और वैल्यू दोनों के मामले में ट्रांजैक्शन सबसे ज्यादा हुए थे।। इमीडिएट पेमेंट सर्विस (आईएमपीएस) ट्रांजैक्शन वॉल्यूम जून में 51.7 करोड़ पर था, जो मई के 55.8 करोड़ के मुकाबले 7 फीसदी कम था। वैल्यू के लिहाज से, आईएमपीएस ट्रांजैक्शन जून में 5.78 ट्रिलियन रुपये (5.78 लाख करोड़ रुपये) पर था, जो मई के ?6.06 ट्रिलियन के मुकाबले 5 फीसदी कम था। अप्रैल में यूपीआई 55 करोड़ वॉल्यूम और 5.92 लाख करोड़ रुपये की वैल्यू पर था। जून 2023 के मुकाबल, वॉल्यूम में 10 फीसदी और वैल्यू में 15 फीसदी की वृद्धि हुई। फास्टैग ट्रांजैक्शन में भी जून के दौरान 4 फीसदी की गिरावट देखी गई, जो मई में 34.7 करोड़ से घटकर 33.4 करोड़ हो गए। वैल्यू के लिहाज से, यह जून में 2 फीसदी की गिरावट के साथ 5,780 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो मई में 5,908 करोड़ रुपये था। अप्रैल में फास्टैग 32.8 करोड़ और 5,592 करोड़ रुपये पर था। जून 2023 की तुलना में, वॉल्यूम में 6 फीसदी और वैल्यू में 11 फीसदी की वृद्धि हुई। आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम जून में वॉल्यूम के लिहाज से 11 फीसदी बढ़कर 10 करोड़ पर पहुंच गया, जो मई में 9 करोड़ और अप्रैल में 9.5 करोड़ था। वैल्यू के लिहाज से भी, यह मई के ?23,417 करोड़ की तुलना में 7 फीसदी बढ़कर 25,122 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

### एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स लिमिटेड ने सेबी के पास दाखिल किया ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी)

**रायपुर।** एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स लिमिटेड (कंपनी, ईआईईएल) ने 26 जून, 2024 को बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी सरकारी अथॉरटी / विभाग के लिए Water and Wastewater Treatment Plants (WWTPs) और Water Supply Scheme Projects (WSSPs) के डिजाइन, निर्माण, संचालन और रखरखाव के व्यवसाय में है। कंपनी इक्विटी शेयरों (अंकित मूल्य 10 /- प्रत्येक) के माध्यम से धन जुटाने का प्रस्ताव करती है, जिसमें 4,42,32,000 इक्विटी शेयरों तक के नए निर्गम और 52,68,000 इक्विटी शेयरों तक का ऑफर फॉर सेल शामिल है। (कुल निर्गम आकार) कंपनी नए निर्गम से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग निम्नलिखित के लिए करने का प्रस्ताव करती है: कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करना; (ii) अपनी सहायक कंपनी, EIEL मथुरा इंफ्रा इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड (ईआईईएल मथुरा) में उत्तर प्रदेश के मथुरा में 'मथुरा सीवरेज योजना' नामक परियोजना के तहत 60 60 MLD STP बनाने के लिए धन का निवेश करना, जिसमें Hybrid Annuity Based PPP मोड के माध्यम से 15 वर्षों के लिए संचालन और रखरखाव शामिल है।

## इंडिया टीम बेरिल तूफान की वजह से बारबाडोस में फंसी



**ब्रिजटाउन ( बारबाडोस )( एजेंसी )।** भारतीय टीम तूफान बेरिल के कारण टी20 विश्व कप 2024 की जीत के बाद भी बारबाडोस में ही फंसी हुई है। टीम को सोमवार को यानी आज न्यूयॉर्क और फिर भारत के लिए उड़ान भरनी थी, लेकिन खराब मौसम की वजह से टीम का शेड्यूल बाधित हुआ है। टीम का शेड्यूल पहले न्यूयॉर्क के लिए फ्लाइट, उसके बाद दुबई के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट और अंत में भारत के लिए वापसी शामिल थी। विश्व कप विजेता टीम, जिसे पहले सोमवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजे (भारतीय समयानुसार रात 8ः30 बजे) बारबाडोस से रवाना होना था, उसे बेरिल तूफान के कारण बदलाव करना पड़ा। यह श्रेणी 3 तूफान है जो अब एक अत्यंत खतरनाक श्रेणी 4 में तब्दील हो गया है। हालांकि, वर्तमान में यह तय नहीं है कि टीम इंडिया कब उड़ान भरेगी। तूफान के कारण वहां के एयरपोर्ट पर अभी ऑपरेशन रुके हुए हैं। स्थिति यह है कि एयरपोर्ट को एक दिन के लिए बंद करना पड़ सकता है। बारबाडोस, सेंट लूसिया, सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइन द्वीप, ग्रेनेडा और टोबैगो के लिए तूफान की चेतावनी जारी की गई थी। नेशनल हरिकेन सेंटर के अनुसार, सोमवार सुबह (स्थानीय समय) विंडवार्ड द्वीप पर पहुंचने पर बेरिल के बेहद खतरनाक तूफान बने रहने की संभावना है। सोमवार तक बारबाडोस और विंडवार्ड द्वीप में 3 से 6 इंच बारिश होने की संभावना है। मौसम केंद्र ने कहा है कि बेरिल के बेहद खतरनाक तूफान बने रहने की संभावना है क्योंकि इसका केंद्र विंडवार्ड द्वीप से होते हुए पूर्व कैरिबियन की ओर बढ़ रहा है।

**कार्यालय मुख्य अभियंता,**
**लो.नि.वि.,राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र,रायपुर (छ.ग.)**

दिनांक 28.06.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र | नि.आ.सू.क्र. दिनांक | सिस्टम आईडी क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 90/CE/NH/TC/ 44-27/2024 | 2024_MoRTH _814058_1 | Upgradation to two lane with Paved Shoulder Configuration of Kondagaon – Narayanpur from design Ch. 0.00 – 48.693 (Design Length = 47.493 Km., 1.20Km. retained) on NH-130D in the State of Chhattisgarh | Rs. 234.38 Crore (i/c GST) |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 13.08.2024 सुबह 11.00 बजे तक है।

2. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MORT&H's) के ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure/app से डाऊनलोड की जा सकती है।

G-242500718/4

मुख्य अभियंता
लो.नि.वि.,राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र,
रायपुर (छ.ग.)

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, बुधवार 03 जुलाई 2024



## छत्तीसगढ़ में अब तक 191.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर (विसं)।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 191.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 02 जुलाई सबेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 283.1 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 128.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।

# प्रदेश के सभी सहकारी बैंकों को किया जाए आदर्श बैंक के रूप में विकसित : केदार कश्यप

## 'प्रधानमंत्री की परिकल्पना' 'सहकार से समृद्धि' को साकार करने बेहतर कार्ययोजना बनाने के निर्देश, किसानों की मांग के अनुरूप खाद-बीज वितरण सुनिश्चित किया जाए

**प्राइवेट बैंकों की तरह सहकारी बैंकों में भी किसानों के लिए होगी प्राथमिक सुविधाएं**

**सहकारी समितियों में अनियमितता बरतने वालों पर होगी सख्त कार्यवाही**

**उपार्जन केन्द्रों में किसानों के लिए उपलब्ध होंगे माइक्रो एटीएम की व्यवस्था**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में आज अटल नगर नवा रायपुर स्थित अपेक्स बैंक के सभाकक्ष में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मंत्री श्री कश्यप ने बैठक में कहा कि प्रदेश के सभी सहकारी बैंकों को आदर्श बैंक के रूप में विकसित किया जाए। किसान धान विक्रय के बाद स्वयं का पैसा निकालने के लिए लंबी-लंबी कतारें लगाकर खड़े रहते हैं। इससे शासन की छवि खराब होती है। उन्होंने अधिकारियों को सभी बैंकों में पैसा निकालने आने वाले किसानों के लिए प्राइवेट बैंक की तरह पंखे और छाया-पानी आदि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप 'सहकार से समृद्धि' को साकार करने के लिए बेहतर कार्ययोजना बनाई जाए और इसका बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। मंत्री श्री कश्यप ने उपार्जन केन्द्रों में धान बेचने आने वाले किसानों को तत्कालिक रूप से राशि उपलब्ध कराने के लिए माइक्रो एटीएम सुविधा को भी सुदृढ़ करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को तत्कालिक रूप से जरूरत के लिए उपार्जन केन्द्र में राशि मिल सके।



सहकारिता मंत्री श्री केदार कश्यप ने खाद-बीज वितरण की समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों की मांग के अनुरूप खाद-बीज का वितरण किया जाए। सहकारी समितियों में पर्याप्त खाद-बीज का भंडारण हो। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि खाद-बीज के संबंध में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों में अनियमितता करने वालों के खिलाफ केवल राशि वसूली तक की कार्यवाही न हो, उन पर सख्त कार्यवाही भी की जाएगी। मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि धान उपार्जन वर्ष 2023-24 के समितियों में शेष धान का शीघ्र उठाव कर लिया जाए, तथा लेखा मिलान भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा किसानों को अल्पकालीन कृषि ऋण वितरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। अधिकारियों ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में 2 हजार 735 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से राज्य के 24.72 किसानों से 144.92 लाख मीटरिक टन धान का उपार्जन किया गया था, इसके एवज में किसानों को समर्थन मूल्य के रूप में 31 हजार 665 करोड़ 18 लाख रूपए तथा कृषक उन्नति योजना के तहत 13 हजार 260 करोड़ 55 लाख रूपए का भुगतान किया गया है। कुल उपार्जित धान में से 141.92 लाख मीटरिक टन धान मिलर्स द्वारा उठाव कर लिया गया है तथा 2.48 लाख मीटरिक टन धान विपणन संघ के संग्रहण केन्द्रों में भेजा गया है। वर्तमान में उपार्जन केन्द्रों में 0.52 लाख मीटरिक टन धान शेष है, जिसका तेजी से उठाव किया जा रहा है। इसके साथ ही विपणन संघ एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों के मध्य लेखा मिलान का कार्य जारी है।

अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के किसानों की मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध है। इस खरीफ वर्ष में किसानों की मांग के अनुरूप 9 लाख 13 हजार 310 मीटरिक टन खाद वितरण का लक्ष्य रखा गया है। इसके विरूद्ध 6 लाख 96 हजार मीटरिक टन खाद का भंडारण समितियों में किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बैंक ऑफ बड़ौदा, आरओएसएआरबी, रायपुर ने ऋण चूककर्ताओं की अचल संपत्तियां कुर्क की



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के लिए एडवोकेट कमिश्नर श्री महेश कुमार पांडे, कोर्ट कमिश्नर, डीआरटी, जबलपुर ने बैंक ऑफ बड़ौदा, आरओएसएआरबी, रायपुर के ऋण चूककर्ताओं की अचल संपत्तियों को कुर्क कर लिया है। कुर्की आदेश डीआरटी के रिकवरी अधिकारी श्री वात्सल्य कुमार और सुश्री प्रीति देसाई द्वारा जारी किए गए थे। अधिवक्ता आयुक्त ने 11.06.2024 से 20.06.2024 के बीच अपने दौरे के दौरान महासमुंद और रायपुर जिलों में संपत्तियों को कुर्क किया। राजस्व विभाग के अधिकारियों और पर्याप्त पुलिस बल की मदद से एडवोकेट कमिश्नर ने रायपुर में हीनल कंटेनर लाइन्स (प्रा.) लिमिटेड, पाल ट्रेडिंग, रॉयल हैवरीज की संपत्तियों और विभिन्न स्थानों पर स्थित मोतिम साहू, नेमू सिंह ध्रुव, मोहन लाल ध्रुव और शीतल दास मानिकपुरी की कृषि भूमि को कुर्क कर लिया है। महासमुंद जिले के गांव आरओएसएआरबी से बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकारी भी एडवोकेट कमिश्नर के साथ आए और प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए समन्वय किया।

### राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को रथ यात्रा के लिए दिया गया आमंत्रण



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में रायपुर उत्तर क्षेत्र के विधायक श्री पुरंदर मिश्रा के नेतृत्व मे जगन्नाथ सेवा समिति के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। समिति ने प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गायत्री नगर स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में आयोजित रथ यात्रा महोत्सव हेतु राज्यपाल को आमंत्रण दिया। परंपरा के अनुसार राज्य के प्रथम सेवक होने के नाते राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर छेरा पहरा की रस्म अदा करते हैं।

# केन्द्रीय जीएसटी ने किया छत्तीसगढ़ चेम्बर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी का सम्मान

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि केंद्रीय जीएसटी ने सोमवार दिनांक 1 जुलाई 2024 को जीएसटी दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष व कैट के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी का सम्मान किया।



सीजीएसटी आयुक्त मोहम्मद अबु समा ने कर अनुपालन की दिशा में उत्कृष्ट योगदान के लिए चेंबर प्रदेश अध्यक्ष पारवानी को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

सीजीएसटी आयुक्त ने कहा कि प्रदेश के जीएसटी संग्रहण में चेंबर का योगदान अतुलनीय है। जीएसटी संग्रहण के साथ ही जीएसटी नियमों के बारे में व्यापारिक संगठनों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सीजीएसटी कार्यालय रायपुर का रेवेन्यू कलेक्शन भी अब लगभग 1292 करोड़ हो गया है।

इस अवसर पर चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष राम मंधान, उपाध्यक्ष-टी.श्रीनिवास रेड्डी, भरत जैन, मंत्री नीलेश मूंधड़ा, दिलीप इसरानी, चेम्बर टेक्नीकल टीम के सदस्य सी.ए.मुकेश मोटवानी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ में महिलाओं की सुरक्षा के लिए खुलेंगे महिला पिंक थाने : उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी जिला मुख्यालयो में महिला पिंक थाने खुलेंगे। इस संबंध में विभागीय तैयारी की जा रही है। इसके लिए कार्य योजना तैयार की जा रही है। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में विभागीय बैठक में महिला पिंक थाने शुरू करने की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह थाने महिलाओं के लिए सुरक्षित और सहयोगात्मक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए स्थापित किए जाएंगे।



उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 258 सड़कों की प्रगति की समीक्षा की। ये सड़कें पिछले 5-6 वर्षों से माओवादी गतिविधियों और सुरक्षा के अभाव में अपूर्ण थीं। उन्होंने इन सड़कों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने स्व सहायता समूहों के उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग के लिए ऑनलाइन प्लेटफार्म पर अपलोड करने और स्वयं का भी एप्लिकेशन बनाने कहा। उन्होंने रीपा में मुख्य सचिव के नेतृत्व में गठित समिति की जांच के बारे में जानकारी ली और स्व सहायता समूहों के भुगतान की स्थिति की भी समीक्षा की। बैठक में अधिकारियों को सीजीआईटी के अगले शिक्षण सत्र से प्रारंभ के लिए आवश्यक तैयारी शीघ्र पूरी करने और नोडल अधिकारी की नियुक्ति के निर्देश दिए।

उपमुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों को तेजी पूर्ण कराने के लिए राजमिस्त्रियों के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इस ट्रेड को प्रशिक्षण में शामिल किया जाए। ऐसे आईटीआई जहां मेशन ट्रेनिंग के लिए पद नहीं है, ववहां मेहमान प्रवक्ता से प्रशिक्षण का कार्य करवाया जाए। उन्होंने शासकीय आदर्श आईटीआई कोनी बिलासपुर की मरम्मत पर भी आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने बैठक में प्रधानमंत्री आवास, मानव दिवस सृजन, प्रत्येक ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर, महतारी सदन, और तीन हजार से अधिक जनसंख्या वाले ग्राम पंचायतों में मास्टर प्लान बनाने, हमर छत्तीसगढ़ योजना को पुनः शुरू करने सहित विभिन्न कार्यों की समीक्षा की।

## श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी रायपुर ने रचा इतिहास

# आईआईआरएफ द्वारा एसआरयू को इमर्जिंग प्राइवेट यूनिवर्सिटी 2024 का गौरव प्रदान किया गया



**रायपुर (विश्व परिवार)।** विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रणाली तथा राष्ट्रीय शिक्षा निति को आधार मान कर दी जा रही है। 6000 से अधिक छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय के शिक्षाविद द्वारा नवाचार से शिक्षण दिया जा रहा है और विभिन्न विषयों पर अनुशंधान को बढ़ावा दिया जा रहा है जिससे राष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा शोध पत्र प्रस्तुत किये जायें। विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम पूर्ण होने के पश्चात् योग्यतानुसार रोजगार के अवसर भी प्रदान किये जा रहे हैं।यूनिवर्सिटी के 65 एकड़ कैंपस में विद्यार्थियों को शिक्षा के अतिरिक्त व्यक्तित्व विकाश का भी लक्ष्य रखा गया है एवं विश्वविद्यालय का विभिन्न अंतराष्ट्रीय पटलों पर उल्लेख है, उपरोक्त तथ्यों का मूल्यांकन कर भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (आईआईआरएफ) द्वारा श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी को यह गौरव प्रदान किया गया है।

श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी शिक्षा के क्षेत्र में अभिनव प्रयोग एवं उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षण की विधियों में नवाचार करने के लिए दृढ संकल्पित रहा है। आई.आई.आर.एफ द्वारा देश के विभिन्न शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों की कार्य प्रणाली की 7 बिदुओं- शिक्षा गुणवत्ता, अनुशंधान, प्लेसमेंट, भविष्य उन्मुखीकरण कार्यक्रम, अंतराष्ट्रीयकरण, बाह्य निरीक्षण मापदंडों पर विश्वविद्यालयों की समीक्षा कर राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर मूल्यांकन कर रैंकिंग की गई। उपरोक्त मापदंडों के आधार पर श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी राष्ट्रीय स्तर पर चौथा एवं राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। एसआरयू यह गौरव प्राप्त करने वाला राज्य की एकमात्र संस्थान है जिसे बेस्ट इमर्जिंग प्राइवेट यूनिवर्सिटी 2024 का स्थान प्राप्त किया।उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य के उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत संस्थानों में श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी का यह स्थान प्राप्त करना अत्यंत गौरव की बात है। अनंतविभूषित श्री रविशंकर जी महाराज रावतपुरा सरकार ने इस गरिमामय उपलब्धि के लिए संपूर्ण विश्वविद्यालय परिवार को शुभाशीष प्रदान किया।

यूनिवर्सिटी के प्रतिकुलाधिपति श्री हर्ष गौतम, कुलपति प्रो. एस. के सिंह एवं कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने इस उपलब्धि के लिए शैक्षणिक और गैरशैक्षणिक स्टाफ को उनकी संस्था के प्रति कठिन परिश्रम, प्रतिबद्धता और लगन की सराहना करते हुए सभी को बहुत-बहुत बधाई दी।

# नेशनल इंश्योरेंस द्वारा आठ दिनों के भीतर व्यक्तिगत दुर्घटना दावे का निपटान

**रायपुर (विश्व परिवार)।** नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एनआईसीएल-जो आईआरडीएआई के महत्वाकांक्षी बीमा समावेशन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ में अग्रणी सामान्य बीमा कंपनी है) ने एक बार फिर साबित किया है कि वह पॉलिसीधारकों के हितों की रक्षा को उच्च प्राथमिकता और ध्यान देती है।

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में 20/05/2024 को हुई एक दुर्भाग्यपूर्ण सड़क दुर्घटना में, जिसमें बीमित व्यक्ति अपने घर वापस जा रहे थे, जिस वाहन में वे यात्रा कर रहे थे, वह अचानक नियंत्रण खो बैठा और एक गहरी खाई में गिर गया। जिससे 18 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। मृतक व बीमाधारक जंगलो बाई, पेंटोरिन मरावी, प्यारी बाई धुर्वे और टिको बाई धुर्वे सभी कुकदुरा, कबीरधाम से थे।

12 जून 2024 को, नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रायपुर कार्यालय को छ.ग. राज्य ग्रामीण बैंक कुकदुरा शाखा, कबीरधाम से प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के तहत व्यक्तिगत दुर्घटना दावों के लिए दावा सूचना पत्र प्राप्त हुए, जिसके तहत उपरोक्त मृतकों को कवर किया गया था।

इसके बाद, नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड दावा निपटान अधिकारी ने तुरंत स्थिति की समीक्षा की और शाखा प्रबंधक, सीआरजीबी को कुछ औपचारिकताएं पूरी करने के लिए कहा।

शाखा प्रबंधक ने दिनांक 20/06/2024 को आवश्यकताओं को पूरा किया और सभी दावों का निपटान उसी दिन नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा किया गया। यह उदाहरण दावों के शीघ्र निपटान द्वारा पॉलिसी धारकों के हितों की रक्षा करने के लिए नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# दपूम रेलवे द्वारा सड़क उपयोगकर्ताओं की बेहतर सुरक्षा हेतु निरंतर किए जा रहे हैं रोड अंडर ब्रिज/अंडरपास के निर्माण

**समपार फाटकों पर रोड अंडर ब्रिज/अंडरपास के निर्माण से मिलता है फाटकों पर ट्रैफिक जाम से छुटकारा**

**बारिश के दिनों में रोड अंडर ब्रिज/अंडरपास में जलभराव ना हो इसके लिए रेलवे द्वारा किए गए है सार्थक उपाय**

**रायपुर/बिलासपुर (विश्व परिवार)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में रेल के व्यापक नेटवर्क होने के कारण रेलवे और सड़क मार्ग जगह जगह एक दूसरे को क्रॉस करती है, जहाँ पर सड़क रेलवे लाइन को क्रॉस करती है, वहाँ पर सड़क यातायात के सुगम, संरक्षित और निर्बाध यातायात के लिए लेवल क्रॉसिंग गेट बनाए गए हैं। रेलवे लाइन पर ट्रेन चलने के समय लेवल क्रॉसिंग गेट को बंद कर दिया जाता है और ट्रेन को सुरक्षित पास करने के बाद रोड यातायात को खोल दिया जाता है ताकि सड़क मार्ग से जाने वाले पैदल यात्री तथा वाहन अपने गंतव्य तक सुरक्षित जा सके और ट्रेन परिचालन भी निर्बाध और संरक्षित रूप से होता रहे।

समय के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में रेलवे के आधारभूत संरचनाओं में आशातीत वृद्धि होने के कारण इन लेवल क्रॉसिंग गेट पर यातायात प्रभावित होता है। सड़क मार्ग से वाहनों का लगातार आवागमन के कारण लेवल क्रॉसिंग गेट से पहले सिग्नल पर ट्रेन रुक जाती है तो कभी ट्रेन के लगातार चलते रहने के कारण पर सड़क मार्ग के यात्री एवं वाहनों को लेवल क्रॉसिंग गेट से पहले इंतजार करना पड़ता है। खासकर व्यस्त राजमार्गों या शहर के मध्य मे स्थित लेवल क्रॉसिंग गेट पर यह समस्या गंभीर हो जाती है। विकसित होते शहरों, गावों, कस्बों आदि जहां की बसाबट लगातार बढ़ रही है, वहाँ समपार फाटक पर यातायात अवरुद्ध होने की संभावना रहती है।

सड़क मार्ग के परिवहन की संरक्षा को बेहतर करने एवं असुविधा को कम करने के लिए व्यस्त समपारों की जगह इस समस्या के समाधान के लिए उपलब्ध संसाधनों और प्राथमिकता के आधार पर रेलवे के द्वारा रोड अंडर ब्रिज, अंडर पास एवं रोड ओवर ब्रिज आदि के निर्माण लगातार किए जा रहे है, जिनके निर्माण से मुख्य लाभों में यह है कि वे राजमार्गों और रेलवे पटरियों के बीच लेवल क्रॉसिंग की आवश्यकता को समाप्त करते हैं, जिससे ट्रेन तथा सड़क वाहन या पैदल यात्री संरक्षित रूप से यात्रा सम्पन्न करते हैं। चूंकि वाहन चालकों को लेवल क्रॉसिंग पर ट्रेनों के गुजरने का या ट्रेन को लेवल क्रॉसिंग गेट के बंद होने का इंतजार नहीं करना पड़ता है, इससे ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न नहीं होती है तथा इससे उनकी औसत गति में वृद्धि होती है। साथ ही यात्रा में कम समय लगता है व रेलवे ट्रैक के दोनों ओर के क्षेत्र आपस में जुड़ जाते हैं।

रेलवे फाटकों पर सड़क मार्ग के उपयोगकर्ताओं की सहूलियत एवं सुविधा के लिए बनाए गए रोड अंडर ब्रिज एवं अंडरपास के जहां बहुत सारे फायदे है वहीं बारिश के दिनों में कुछ रोड अंडर ब्रिज/अंडरपास आदि में जलभराव की स्थिति की जानकारी भी मिलती रही है। रेलवे द्वारा सज्ञान में आई जलभराव की समस्या से निबटने के लिए पुख्ता उपाय किए गए है, जिनमें प्रमुख रूप से बहुत सारी महत्वपूर्ण अंडर ब्रिज/अंडरपास में शेड का प्रावधान किए गए है, जिससे बारिश का पानी अंडर ब्रिज/अंडरपास के अंदर नहीं जाती है। दूसरा अंडर ब्रिज/अंडरपास में क्रॉस ड्रेन बनाए जा रहे है जो कि अंडर ब्रिज/अंडरपास के दोनों सिरों पर बारिश के दौरान ढलान के पानी को किनारे पर बनाए गए संपवेल से मिलाकर बाहर कर देते है। तीसरे उपाय के रूप में बहुत सारे अंडर ब्रिज/अंडरपास में जल के भराव को बाहर करने के लिए सेंसर युक्त पंप लगाए गए है, जो कि जलभराव होने पर ऑटोमैटिक चालू हो जाती है और पानी को बाहर करती है। इसके साथ ही अन्य अंडर ब्रिज/अंडरपास में मोटर को मन्युअल चालू कर जलभराव को रोका जाता है। समय के साथ इस समस्या से निपटने के लिए रेलवे लगातार इस दिशा में सार्थक प्रयास कर रही है। रेल प्रशासन रोड अंडर ब्रिज/अंडरपास के उपयोगकर्ताओं से आग्रह करती है कि बारिश के दिनों में यदि किसी रोड अंडर ब्रिज/अंडरपास में जलभराव खतरे के निशान पर हो उस दौरान रोड अंडर ब्रिज/अंडरपास को पार ना करें तथा निकटतम स्टेशन में सूचना देकर रेल प्रशासन का सहयोग करें।

# कलिंगा विश्वविद्यालय ने डॉक्टर दिवस पर डॉक्टरों को किया सम्मानित





**रायपुर (विश्व परिवार)।** कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत में एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान है। यह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को पूरा करने में विश्वास रखता है। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, भारत के महान चिकित्सक डॉ. बिधान चंद्र रॉय के जन्म और निर्वाण के अवसर पर कलिंगा विश्वविद्यालय द्वारा हर साल 1 जुलाई को डॉक्टर दिवस मनाया जाता है।

इस वर्ष कलिंगा विश्वविद्यालय ने 01 जुलाई, 2024 को डॉक्टर दिवस के अवसर पर 23 डॉक्टरों को उनके समाज के कल्याण और स्वास्थ्य के प्रति योगदान और समर्पण के लिए सम्मानित किया जिनमें लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. अशोक जिंदल, निदेशक, एम्स, डॉ. मिथिलेश चौधरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ), रायपुर जिला, डॉ. संदीप दवे, रामकृष्ण केयर अस्पताल के निदेशक, डॉ. सुनील गौनियाल, एनएचएमएमआई नारायण हृदयालय के हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ. निखिल मोतीराममनी, हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ. सतीश सूर्यवंशी, हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ. रवि गोयल, दंत चिकित्सक, डॉ. विजयलक्ष्मी अनंत, बीएमओ आरंग, डॉ. श्रीधर राव, निदेशक, वी वाई अस्पताल, डॉ. भावना सिरोही, निदेशक, बाल्को अस्पताल, डॉ. किरण दसारी, निदेशक, सप्तगिरी अस्पताल, डॉ. के.एस. राय, हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. अक्षय किलेदार, उप निदेशक, एनएचएमएमआई नारायण हृदयालय अस्पताल, डॉ. वीरेंद्र कुमार मतवले, दंत चिकित्सक, डॉ. श्रीनिवास राव, आयुर्वेदिक चिकित्सक, डॉ. विकास श्रीवास्तव, पतंजलि, डॉ. धनंजय प्रसाद, पैथोलॉजिस्ट, डॉ. नीता शर्मा, होम्योपैथी, डॉ. अमृता वर्मा, सिटी आई हॉस्पिटल, डॉ. मनीष श्रीवास्तव, सिटी आई हॉस्पिटल, डॉ. संज्ञा श्रीवास्तव, सीईओ, उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल, डॉ. अंकुर गुप्ता, सद्भावना हॉस्पिटल, डॉ. ज्योत्सना गुप्ता, सद्भावना हॉस्पिटल को स्मृति चिन्ह और शॉल देकर सम्मानित किया।

कलिंगा विश्वविद्यालय के मुख्य कुलानुशासक और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. ए. विजयानंद, सहायक प्रोफेसर और उप डीन छात्र कल्याण श्री शेख अब्दुल कादिर ने डॉक्टरों को सम्मानित किया। कलिंगा टीम के अन्य सदस्यों में मुख्य कुलानुशासक कार्यालय के सहायक श्री लिलेश्वर साहू भी शामिल थे। सभी डॉक्टरों ने कलिंगा विश्वविद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया और विश्वविद्यालय के लिए शुभकामनाएं दीं।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354